**खबर संक्षेप**

### खिरसाडोह में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन

**छिंदवाड़ा।** खिरसाडोह पॉलीटेक्निक कॉलेज में 20 नवंबर को प्रातः 10 बजे से एक विशाल प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन नेशनल करियर सर्विस, हेड हेल्ड हाई फाउंडेशन तथा गवर्नमेंट पॉलीटेक्निक खिरसाडोह, छिंदवाड़ा के संयुक्त सहयोग से किया जा रहा है इस प्लेसमेंट ड्राइव में कई प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा भर्ती प्रक्रिया संचालित की जाएगी, जिनमें शामिल हैं। सभी योग्य उम्मीदवार आई टी आई, डिप्लोमा, बी ई प्रातः 10 बजे कॉलेज परिसर में उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ उठाएं।अधिक जानकारी हेतु लीलेंद्र वासनिक टी पी ओ द्वारा मोबाइल नंबर 8458889920 पर संपर्क करें।

### संत चावरा नेशनल अकादमी में ऑपरेशन मुस्कान पर सेमिनार



**परासिया।** संत चावरा नेशनल अकादमी में पुलिस विभाग द्वारा ऑपरेशन मुस्कान पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। ईश्वरी पटले, टी.आई. चांदामेटा ने बाल शोषण, पॉक्सो और साइबर सुरक्षा पर जानकारी दी ।प्रधानाचार्य फादर जैसन ने थाना प्रभारी श्री पटले का स्वागत किया और धन्यवाद दिया। सेमिनार में शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित थे।

### बैठक आज

**छिन्दवाड़ा।** सचिव, कार्यपालन यंत्री जिला जल उपयोगिता समिति जल संसाधन संभाग छिंदवाड़ा श्रीमती कुमकुम कौरव पटेल ने बताया कि वर्ष 2025-26 में जिले के जलाशयों में जल भराव क्षमता के अनुरूप रबी सिंचाई संपादन के लिये कलेक्टर श्री हरेन्द्र नारायन की अध्यक्षता में जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक का आयोजन 20 नवंबर 2025 को 04:00 बजे कलेक्टर कार्यालय छिंदवाडा के सभाकक्ष में किया गया है।

## हरिभूमि की खबर का असर, धर्मांतरण मामले में जिला प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, प्राचार्य का अन्यत्र तबादला

# धर्मांतरण मामले के तीनों आरोपियों को स्कूल से हटाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

विकासखंड मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर दूर स्थित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बिलावर कला में धर्मांतरण के संवेदनशील मामले में जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई कर दी है। यहां मिली जानकारी के अनुसार कार्यालय कलेक्टर (जनजातीय कार्य विभाग शाखा), जिला छिंदवाड़ा के पत्र क्रमांक 5800 दिनांक 19 नवंबर 2025 के अनुसार धर्मांतरण के मामले में मिली शिकायत के अनुसार यहां पदस्थ शिक्षिका, छात्रावास अधीक्षक एवं प्राचार्य को तत्काल रूप से हटा दिया गया है। इस मामले में पत्र में बताया गया है कि स्थानीय मीडिया ने इस मामले को अपने अखबारों में प्रकाशित किया था। इसमें हरिभूमि समाचार पत्र ने खबर को प्रमुखता से


हरिभूमि छिंदवाड़ा भूमि
कलावा के साथ छलावा, स्कूल शिक्षिका और अधीक्षक पर लगे संगीन आरोप

प्रकाशित किया था। इसके अतिरिक्त कन्हान बचाओ मंच के अध्यक्ष श्री साहू के द्वारा यहां पदस्थ शिक्षिका सीमा आह्लाद, एवं अधीक्षक नरेंद्र उईके के साथ मिलकर धर्मांतरण का कार्य कथित तौर पर किया जाता है। इसमें इस विद्यालय के प्राचार्य अनिल सूर्यवंशी के द्वारा उन्हें संरक्षण दिया जाता रहा है। इस मामले में आरोपी शिक्षिका सीमा आह्लाद एवं छात्रावास अधीक्षक नरेंद्र उईके को बीईओ कार्यालय अटैच किया गया है जबकि प्रभारी प्राचार्य अनिल सूर्यवंशी को उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खिड़की कनेरी में पदस्थापित किया गया है। इसी मामले में इसी विद्यालय के अध्यनरत दो आदिवासी छात्रों के द्वारा भी जिला कलेक्टर एवं स्थानीय पुलिस थाने में पहुंचकर इस संदर्भ में सूचना दी गई थी। कि उन्हें संबंधित यह तीनों शिक्षिक एवं शिक्षिका ईसाई धर्म को ग्रहण किए जाने के लिए दबाव डाल रहे हैं। इसके बाद यह मुद्दा जमकर चर्चा में आ चुका था। यही कारण रहा कि इस मामले में जिला प्रशासन के द्वारा सजगता से मामले की प्रारंभिक जांच की गई, जिसके आधार पर इन तीनों ही कर्मचारी व अधिकारी को यहां से हटाकर अन्यत्र स्थान पर पदस्थ किया गया है ताकि जांच किसी भी रूप में प्रभावित न हो सके। इधर बीईओ ओपी जोशी ने बताया कि इस मामले में वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में मामले की निष्पक्ष जांच कर विभाग को प्रतिवेदन भेजा जाएगा।

**खबर का असर**

### सांसद की सभा में गरमाया था मामला, भाजपा नेता आशीष ठाकुर ने उठाया था मामला

धर्मांतरण के इस संवेदनशील मामले को बीते दिनों रन फॉर यूनिटी पदयात्रा में बिलावर कला पहुंचे सांसद विवेक बंटी साहू की आमसभा में इस मामले को पूर्व भाजपा प्रत्याशी आशीष ठाकुर के द्वारा प्रमुखता से उठाया गया था। उन्होंने मंच पर अपने उद्बोधन में यहां वितरित की जा रही नीली किताब से हिंदू आदिवासी विद्यार्थियों को कथित रूप से दबाब व प्रलोभन देकर ईसाई धर्म को ग्रहण किए जाने का दबाव डालने की बात कही थी, जिसको लेकर मामला और अधिक गर्म हो चुका था। यही कारण रहा है कि इस मामले में जिला प्रशासन ने आनन-फानन में बड़ा निर्णय लेते हुए इन तीनों ही अधिकारियों को यहां से हटाकर अन्यत्र पदस्थापित किया है।

## पार्षद के नेतृत्व में सीएमओ से रखी वेतन की मांग

# वेतन नहीं मिलने से नगर पंचायत कर्मियों में रोष



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

नगर पंचायत न्यूटन में कार्यरत देवेभो और विनियमित कर्मियों में वेतन नहीं मिलने से रोष व्याप्त है। जिन्होंने ने पार्षद जयंत राय के नेतृत्व में सी एम ओ को वेतन देने के लिए आवेदन दिया है। पार्षद जयंत राय का कहना है, नगर में सफाई और अन्य कार्यों का जिम्मा इन्हीं कर्मचारियों के ऊपर है, यदि यह काम नहीं करेंगे तो व्यवस्था ठप्प हो जाएगी।

नगर पंचायत न्यूटन में कार्यरत कर्मचारियों ने वेतन नहीं मिलने से होने वाली परेशानियों को वार्ड 9 के पार्षद जयंत राय से साझा किया, जिसके बाद जयंत राय कर्मचारियों को लेकर कार्यालय पहुंचे और सी एम ओ के नाम आवेदन देकर कर्मचारियों को शीघ्र वेतन देने की मांग रखी। पार्षद जयंत राय ने बताया, कि पंचायत में कुल 83 कर्मचारियों का वेतन नहीं हुआ है। इनमें दैनिक वेतन भोगी और विनियमित कर्मचारी हैं। वेतन नहीं होने से इन्हें कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इनमें नाराजगी व्याप्त है, ऐसे में ये हड़ताल पर चले गए तो नगर की व्यवस्थाएं ठप्प हो जाएंगी। जिसके लिए पदों पर बैठे जिम्मेदार होंगे।

**इनका कहना है**

कर्मचारियों से चर्चा की गई है। अभी कोई सी एम ओ नहीं है। छिंदवाड़ा निगम में आयुक्त रोशन बाथव को प्रभार मिला है, उनके प्रभार लेते ही वेतन की समस्या हल हो जाएगी। शासन से भी राशि की मांग की गई है। कर्मचारियों से सहयोग करने की अपील की गई है।

**अनुपमा राय**
**(अध्यक्षा नगर पंचायत न्यूटन)**

# 423 मरीजों का उपचार, पांच गंभीर मरीजों को किया रेफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की प्रेरणा से 100 दिवसीय स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन दोनों जिलों में किया जा रहा है, हमारे जिले के दूर दराज क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सुविधा मिले, उनकी बड़ी बीमारियों का इलाज अच्छे अस्पताल में हो सके इस उद्देश्य को लेकर स्वास्थ्य शिविर आयोजित हो रहे है। उक्त निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर के आयोजक व मार्गदर्शक सांसद बंटी विवेक साहू का यह संदेश लेकर दमुआ के ग्राम तराई में आयोजित 64 निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में पहुंचे पूर्व विधायक नत्थन शाह कवरेती ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुये यह जानकारी दी। शिविर के दौरान जहां 423 मरीजों का उपचार किया गया वही 05 गंभीर मरीजों को बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल छिन्दवाड़ा रेफर किया गया।

इस अवसर पर श्री कवरेती ने ग्रामीणों को बताया कि गांवों के विकास के लिए हम संकल्पित है। नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से उन्होंने देश के गरीब कल्याण जन कल्याण के नए आयाम स्थापित किए हैं, और आज उन्हीं की योजनाओं से दुनिया में भारत का डंका बज रहा है। भारत एक महाशक्ति बनकर उभर कर आ रहा है। दमुआ नगर मंडल अध्यक्ष सोनु पाटिल ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की योजनाओं के साथ हमारी सरकार छिन्दवाड़ा और पांढुर्ना के विकास को लेकर संकल्पित है। प्रदेश की मोहन यादव की सरकार में भी स्वास्थ्य को लेकर अच्छे काम हो रहे हैं, मेडिकल कॉलेज के लिए 100 करोड रुपए से अधिक उन्होंने प्रदान किया और प्रदेश में सबसे अधिक हमारे दोनों जिले में 88 से ज्यादा उप एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनाये जा रहे है, जिनका काम प्रारंभ हो गया है।

# इंदिरा गांधी के चरणों में कांग्रेसजन ने किया नमन

**छिन्दवाड़ा:-** देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री स्व. श्रीमती इंदिरा गांधी जी को उनकी जयंती पर समस्त कांग्रेसजन ने पुष्पांजलि अर्पित की। महज ग्यारह वर्ष की आयु में ही इंदिरा गांधी जी ने ब्रिटिश शासन का विरोध करने के लिये बच्चों की वानर सेना बनाई थी। उनके ऐसे ही साहस, पराक्रम व ठोस निर्णय लेने की क्षमता के चलते उन्हें आयरन लेडी भी कहा गया। शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में आयोजित इंदिरा गांधी जी के जयंती कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे ने कहा कि श्रीमती इंदिरा गांधी जी के भीतर गजब की राजनीतिक दूरदर्शिता थी। उन्होंने बैंकों के राष्ट्रीयकरण से लेकर अनेक दृढ़ फैसलें लिये जिन्हें आज भी याद किया जाता है। गरीबी मुक्त भारत उनका सबसे बड़ा सपना था जो आज भी पूरा नहीं हो पाया, जबकि समय के साथ गरीबी और अमीरी की खाई लगातार बढ़ती जा रही और इस खाई को अब पाटना और भी मुश्किल होता जा रहा है। श्री ओकटे ने कहा कि कमलनाथ को तीसरे बेटे के रूप में स्वीकारने वाली मां स्वरूपा इंदिरा गांधी जी साहस, सरलता एवं महिला सशक्तिकरण की अद्धितीय मिसाल रहीं है। इंदिरा जी को आज पूरा देश याद कर रहा है। पांढुर्ना जिला प्रभारी गंगा प्रसाद तिवारी ने राष्ट्रनेत्री आयरन लेडी देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री स्व. श्रीमती इंदिरा गांधी को पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें कोटिशः नमन करते हुये कहा कि श्रीमती इंदिरा गांधी जी के कार्यकाल में देश ने नई ऊंचाईयों को छुआ है। उन्हें अन्नत काल तक याद किया जाएगा। आयोजित कार्यक्रम को सरला सलामे, शोभा शर्मा, रानू डेहरिया, दीपा यादव, किरण चौधरी ने भी सम्बोधित किया। आयोजित कार्यक्रम में फिरोज खान, शशि भारती,चिंटू काले, अखिलेश राय, अमित मालवीय, सुनील राय सहित अन्य उपस्थित रहे।

# कांग्रेस ने वल्लभ भाई पटेल को मान, सम्मान व पद सबकुछ दिया- कांग्रेस

**छिन्दवाड़ा।** सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती 31 अक्टूबर से प्रारंभ हुई संगोष्ठी का समापन इंदिरा प्रियदर्शनी पार्क में देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी जी की जयंती पर हुआ। आयोजित संगोष्ठी के समापन पर कांग्रेस के वक्ताओं ने भाजपा के द्वारा महापुरुषों की चोरी पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस की सरकार में ही वल्लभ भाई पटेल को गृहमंत्री बनाया गया। उन्हें "सरदार" की उपाधि महात्मा गांधी जी ने दी। शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में आयोजित संगोष्ठी के समापन अवसर पर कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता गुंजन शुक्ला ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल 1947 से 1950 तक देश के उप प्रधानमंत्री व गृहमंत्री का पद संभाला। कांग्रेस ने सदैव सरदार वल्लभ भाई पटेल को सम्मान दिया, उनके परिवार के सदस्यों को भी आगे रखा। नेहरू जी का परिवारवाद ऐसा था कि उन्होंने अपने जीवन काल में इंदिरा गांधी को कोई पद नहीं लेने दिया। जबकि सरदार पटेल की मृत्यु के बाद उनकी बेटी मणिबेन पटेल को 1952, 1957 में दो बार लोकसभा सांसद बनवाया। उनके बेटे दहराभाई पटेल को 1958 में राज्य सभा में भेजा।

# मोहोड़ ने किया छात्र-छात्राओं को स्वेटर का वितरण

**सौंसर।** बुधवार को ग्राम छिन्देवानी शासकीय प्राथमिक शाला में स्वेटर वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस दौरान जिला पंचायत सदस्य एवं पांढुर्णा भाजपा जिला जिलाध्यक्ष संदीप मोहोड की प्रमुख उपस्थिति में स्कूली छात्र-छात्राओं एवं बच्चों को स्वेटर वितरण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष श्री मोहड़ ने कहा ठंडी का मौसम शुरू हो गया है ऐसे में बच्चों के साथ सभी ने अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए, बच्चों को स्कूल में सुबह आने के लिए दिक्कतें परेशानी ना हो इसलिए स्वेटर वितरण किया गया जो की प्रशंसनीय है, सरकार के द्वारा भी निरंतर स्कूली छात्र-छात्राओं को बेहतर स्कूल भवन,लाइब्रेरी, गणवेश छात्रवृत्ति आदि मिले इसके लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से कार्य किया जा रहा है।सभी छात्र-छात्राओं ने अच्छी मन लगाकर पढ़ाई करनी चाहिए और अपने स्कूल गांव और परिवार का नाम रोशन करना चाहिए।इस अवसर पर - पूर्व जिला अध्यक्ष राजू परमार, मोरेश्वर मर्सकोले, राजेन्द्र भक्ते, दीपक कामडे सदानंद डोंगरे,सरपंच संदीप बहातकर प्रदीप माहेश्वरी,संपत राऊत,विजय दरबारे सुरेश कोठे,जगदीश त्रिवेदी,मानिकराव गजभिए,आदि थे।



# 25 लाख से होगा पाइप लाइन का विस्तार : अहके



**छिंदवाड़ा।** नगर निगम अंतर्गत वार्ड नंबर 45 में अमृत योजना के तहत 25 लाख की लागत से पानी की पाइपलाइन का भूमिपूजन गर पालिक निगम महापौर विक्रम अहके एवं मंडल अध्यक्ष लीला बजोलिया द्वारा किया गया। इस अवसर पर महापौर विक्रम सिंह अहके ने कहा कि जिले के सांसद जनता की समस्याओं के निराकरण हेतु संवेदनशील रहते हैं और क्षेत्र के विकास के लिए प्रयासरत रहते हैं। नगर पालिक निगम द्वारा भी जनता की मांगों को पूरा करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। गुलाबरा मंडल 4 अध्यक्ष लीला बजोलिया ने कहा कि वार्ड वासियों की पेयजल समस्या को दूर करने के लिए पाइप लाइन विस्तार किया जा रहा है। वार्ड में भविष्य में भी विकास कार्य जारी रहेंगे। इस अवसर पर पार्षद भूरा धनराज भावरकर, वरिष्ठ भाजपा नेता गयासुद्दीन पाशा, महामंत्री आशुतोष वाड़ीवा, मनेष सोनी, जलप्रदाय सभापति मनोज कुशवाहा, पीडब्ल्यूडी विभाग सभापति नभिता मनोज सक्सेना, ममता डोंगरे, नेहा वर्मा, निशा गोस्वामी, मीडिया प्रभारी शक्ति सिंह चौधरी, मनीष सोनी, महेश गढ़वाल, रामलखन दीक्षित, अरविंद सोनी, नारायण चौकसे, विजय चंद्रवंशी, नरेंद्र मिश्रा, आशुतोष चौधरी, राजेश रावत, गौरव सूर्यवंशी, नगर पालिक निगम के अधिकारी, कर्मचारियों सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# यातायात पुलिस की सख्त कार्यवाही से ऑटो संचालक हुए व्यवस्थित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

थाना यातायात द्वारा शहर क्षेत्र में संचालित ऑटो वाहनों पर विशेष सघन चेकिंग अभियान चलाया गया, जिसमें लगभग 50-60 ऑटो की सेकंड लेवल जाँच करते हुए ड्राइविंग लाइसेंस, पंजीयन, परमिट, फिटनेस, इंश्योरेंस सहित सभी आवश्यक दस्तावेजों की गहन जाँच कर आवश्यक चालानी कार्रवाई की गई। इस दौरान ऑटो चालकों को निर्धारित वर्दी धारण कर वाहन संचालित करने, नो-पार्किंग क्षेत्र में वाहन खड़ा न करने, मुख्य मार्गों एवं सड़क के बीच में सवारी चढ़ाने-उतारने से बचने, केवल निर्धारित स्टॉपेज व चिन्हित स्थानों पर ही सवारी लेने-छोड़ने, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में अवैध रूप से ऑटो खड़ा कर अवरोध उत्पन्न न करने तथा ओवरलोडिंग से पूरी तरह परहेज़ करने के लिए कड़े निर्देश दिए गए, चेकिंग अभियान के दौरान यातायात टीम की सक्रियता से ऑटो चालकों में जागरूकता बढ़ी, नियमों के प्रति गंभीरता आई और समग्रतः अनुशासन का सकारात्मक माहौल बना, कई चालकों ने स्वयं आगे आकर दस्तावेज दुरुस्त रखने व भविष्य में सभी नियमों का पालन करने की सहमति भी व्यक्त की।

# तारामंडल के ग्रहों को देख रोमांचित हुए बच्चे




हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

नासा के वैज्ञानिको के साहसिक कार्य जानना ,साइंस मॉडल को समझना फिर चाहे फिजिक्स हो केमेस्ट्री हो या बायो हो के वैज्ञानिक पक्ष को जानना साथ ही तारामंडल में ग्रहों की जानकारी वो भी इतनी सुगमता से कोई सोच ही नहीं सकता उक्त सभी को जन अभियान परिषद छिंदवाड़ा के समाजसेवा में स्नातक एवं स्नातकोत्तर कर रहे समाजसेवी युवाओं ने रविवार को पी जी कॉलेज परिसर में मोबाइल प्लेनेटेरियन चलित प्रदर्शनी,चिल्ड्रन साइंस सेंटर इंदौर से साइंस मॉडल युक्त आई बैन के माध्यम से अवलोकन किया।इस अवसर पर जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन,समाजसेवी परामर्शदाता रोटे विनोद तिवारी,लता नागले, श्रीमती तृप्ति सिंह, आशीष साहू, जयप्रकाश सूर्यवंशी सहित बी एस डब्ल्यू एम एस डब्ल्यू के स्टूडेंट ने जाना विज्ञान के मॉडल से सुसज्जित बस का अवलोकन कर जाना।

# सांसद ने छिन्दवाड़ा व पांढुर्ना में खेल गतिविधियां बढ़ाने मंत्रियों से की मुलाकात

**उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, खेल मंत्री विश्वास सारंग, कृषि मंत्री एदल सिंह और जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट से की मुलाकात**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



दोनों जिलों के विकास को लेकर हमेशा ही प्रयत्नशील और कृत संकल्पित सांसद बंटी विवेक साहू लगातार विकास कार्यों को लेकर प्रयासरत है। जो कि दोनों जिलों में स्वीकृत विकास कार्यों के रूप में दिखाई भी देने लगा है। अपने डेढ़ वर्ष के कार्यकाल में ही सांसद श्री साहू ने दोनों जिलों में करोड़ों रूपयें के विकास कार्य स्वीकृत कराकर प्रारंभ भी करा दिए है।

दिल्ली में आयोजित उपभोक्ता मामले, खाद और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय की महत्वपूर्ण बैठक में शामिल होने के बाद दूसरे दिन भोपाल पहुंचे सांसद बंटी विवेक साहू ने सुबह से शाम तक लगातार उपमुख्यमंत्री सहित तीन प्रमुख मंत्रियों से मुलाकात करते हुए छिन्दवाड़ा और पांढुर्ना के विकास को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा करते हुए उन्हें दोनों जिले के विकास कार्यों के लिए पत्र भी दिए है।

अपने भोपाल प्रवास के दौरान सांसद बंटी विवेक साहू ने जहां खेल मंत्री विश्वास सारंग से मुलाकात करते हुए उन्हें सांसद खेल महोत्सव के समापन अवसर पर छिन्दवाड़ा आगमन का न्यौता दिया वहीं उनसे छिन्दवाड़ा और पांढुर्ना में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने हेतु चर्चा करते हुए खेलों को बढ़ावा देने के लिए छिन्दवाड़ा के इमलीखेड़ा में स्वीकृत 20 एकड़ शासकीय भूमि में फुटबॉल एकेडमी का निर्माण की मांग की और साथ ही एथलेटिक्स ट्रेक एण्डफिल, फुटबॉल ग्राउण्ड, एस्ट्रोटर्फ हाकी का मैदान, बाउण्ड्रीवॉल, कर्मचारियों के आवास निर्माण एवं कमर्शियल कक्षों के निर्माण के लिए मांग भी की। उन्होंने मंत्री श्री सारंग को बताया कि छिन्दवाड़ा जिला जनजातीय बाहुल्य क्षेत्र है यदि यहां खेल सुविधाएं बढ़ाई जाती है तो यहां की प्रतिभाओं को अवसर मिलेगा और वे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धाओं में अच्छा प्रदर्शन कर सकेंगे। भोपाल प्रवास के दौरान सांसद श्री साहू ने उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा एवं जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट से मुलाकात करते हुए छिन्दवाड़ा और पांढुर्ना जिले में विभिन्न विकास कार्यों को लेकर चर्चा की।

# स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के तहत वर्ल्ड टॉयलेट डे पर विशेष गतिविधियों का आयोजन

**छिंदवाड़ा।** नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा द्वारा वर्ल्ड टॉयलेट डे के अवसर पर शहर के अंतर्गत आने वाले सभी प्रमुख सार्वजनिक शौचालयों में विशेष स्वच्छता गतिविधियां आयोजित की गईं। स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर, स्वच्छता चैंपियन, स्वच्छता टीम तथा नगर निगम के सफाई कर्मियों की उपस्थिति में प्रत्येक चयनित शौचालय की विस्तृत साफ-सफाई की गई। जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से स्कूल के बच्चों द्वारा शौचालय उपयोग और स्वच्छ आदतों पर आधारित नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया गया, जिसे नागरिकों द्वारा सराहा गया। वर्ल्ड टॉयलेट डे को थीम बनाकर स्वच्छता मित्रों द्वारा सभी संबंधित सार्वजनिक शौचालयों के सामने आकर्षक रंगोलियां बनाई गईं, जिन्होंने स्वच्छता संदेश को सरल और सुंदर तरीके से प्रदर्शित किया। कार्यक्रम के दौरान शहर के इन सार्वजनिक शौचालयों में कार्यरत केयरटेकरों को स्वच्छता बनाए रखने में उनके निरंतर समर्पण और उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित भी किया गया। नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा द्वारा आयोजित ये गतिविधियां नागरिकों में स्वच्छता, शौचालय उपयोग और सार्वजनिक सुविधाओं की देखभाल के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक सार्थक प्रयास हैं।




# कपास किसान दुखी: पेटी व्यापारियों की हो रही बल्ले-बल्ले



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

कड़ी धूप ठंड बारिश में अपनी जान की परवाह किए बिना जमीन का सीना चीर कर फसल का उत्पादन करने वाला किसान क्षेत्र में कब कपास फसल के काम मिल रहे भाव को लेकर दुखी है। रात दिन मेहनत करने के बाद भी फसल का भाव तय करना किसान के हाथों में नहीं है। क्षेत्र का सफेद सोना कहलाने कपास का उत्पादन बेहतर होने के साथ-साथ क्षेत्र जिनिंगों में आवक आना प्रारंभ हो गया है। बडे स्तर पर कपास की फसल होने के बावजूद भी किसानों के चेहरों पर खुशी नही, बल्कि दुखी नजर आ रहे है।लागत की अधिकता के बावजूद भी किसानों को समर्थन मूल्य आधारित भाव नही मिल रहा है। ग्रामीण अंचलों में नमी बताकर खुलेआम पेटी व्यापारी किसानों से कम भाव में लूट रहे है, इस वर्ष मौसम की अनुकूलता के बावजूद भी कपास को सही भाव नहीं मिलने के कारण स्वयं को ठगा महसूस कर रहा है।

जन्मदिन उत्सव
महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसका महाबम्बर ड्रा दिनांक 22 नवंबर 2025 से निकाला जायेगा। भाग्यशाली पाठकों के उपहार देने की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## अवैध कोयला उत्खनन के खिलाफ कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

# वेकोली अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही करने की रखी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

कोयलांचल क्षेत्र में जारी बंद ओपन कास्ट कोयला खदानों में जारी अवैध कोयला उत्खनन के खिलाफ कांग्रेस ने विधायक सोहन वाल्मीकि के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक के नाम परासिया थानेदार को ज्ञापन सौंपकर वेकोली अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाने की मांग रखी है ।



ज्ञापन में कहा गया ,कि पेन्च व कन्हान क्षेत्र के अन्तर्गत स्थित विभिन्न बन्द ओपनकास्ट कोयला खदान जैसे मोआरी खदान अम्बाड़ा , बड़कुही खदान इकलहरा , भाजीपानी खदान , रावनवाड़ा खदान , सेठिया खदान , कुकुरमुंण्डा खदान , हरनभटा खदान , हर्रई खदान और भी अन्य बन्द ओपनकास्ट कोयला खदानें स्थित हैं । जिन्हें डब्ल्यू.सी.एल. द्वारा संचालित किए जाने के बाद , कोयला निकालने के पश्चात बन्द कर दिया गया है । चूंकि नियमानुसार जिन भी स्थानों पर ओपन कास्ट खदान चलाई जाती है । कोयला निकालने के बाद चलाई गई ओपन कास्ट कोयला खदान के गड्डो को मिट्टी से पुरवाया जाना चाहिये तथा बन्द खदानों को पूरने के बाद पर्यावरण की दृष्टि से पूरे गये स्थानों पर वृक्षारोपण किए जाने के नियम है , परन्तु वेकोलि पेन्च व कन्हान क्षेत्र प्रबंधन के द्वारा इन सभी ओपन कास्ट कोयला खदानों को बन्द होने के बाद भी मिट्टी से पुरवाया नहीं जाता है । जिससे इन सभी बन्द ओपन कास्ट कोयला खदानों से अवैध कोयले का उत्खनन होते रहता है । निरंतर कोल माफियाओं के द्वारा गरीब वर्ग के मजदूरों का उपयोग करते हुए उनसे बन्द ओपन कास्ट कोयला खदानों से अवैध कोयले का उत्खनन कार्य कराया जाता है ।

गरीब मजदूर वर्ग के लोग अपनी जान को जोखिम में डालकर दिन रात निरंतर कोल माफियाओं के कहने पर अवैध रूप से कोयले का उत्खनन कार्य करते रहते हैं और दुर्घटना घटित क्षेत्र बन्द ओपन कास्ट में अवैध कोयले का उत्खनन करने के कारण कई बार मजदूरों के साथ अप्रिय घटना घटित हो जाती है और उनकी जान चली जाती है । कई बार मजदूरों को गम्भीर चोंटे भी आती है । विधायक श्री वाल्मीकि ने कहा , कि विधानसभा क्षेत्र परासिया के अन्तर्गत कई गरीब मजदूरों के साथ अप्रिय घटना घटित हो चुकी है । जब गम्भीर दुर्घटनाएँ घटित होती हैं तथा इस तरह का घटनाक्रम होता है तो पुलिस प्रशासन व वेकोलि प्रबंधन के द्वारा अवैध उत्खनन को बन्द करने का प्रयास किया जाता है और कुछ दिनों के लिए अवैध उत्खनन बन्द करा दिया जाता है , परन्तु कुछ दिनों के बाद पुनः बन्द ओपन कास्ट कोयला खदानों में कोयले का अवैध उत्खनन कार्य कोल माफियाओं द्वारा मजदूरों से पुनः प्रारंभ करा दिया जाता है ।

पुलिस प्रशासन द्वारा वेकोलि प्रबंधन पेन्च व कन्हान क्षेत्र महाप्रबंधक पर कोई प्रकरण दर्ज नहीं किया जाता और ना ही कोई कार्यवाही की जाती है । यदि महाप्रबंधकों पर कार्यवाही की जाती तो उनके द्वारा बन्द ओपन कास्ट कोयला खदानों के गड्ढों को मिट्टी से पुरवा दिया जाता और इस प्रकार की अप्रिय घटनायें व अवैध कोयले का उत्खनन कार्य पुनः नहीं शुरू होता ।परन्तु कोई कार्यवाही नहीं होने के कारण वर्तमान समय में भी बन्द ओपन कास्ट कोयला खदानों में कोयले का अवैध उत्खनन निरंतर जारी है । बन्द ओपन कास्ट कोयला खदानों में हो रहे कोयले के अवैध उत्खनन कार्य को रोके जाने के संबंध में कई बार पुलिस प्रशासन व वेकोलि प्रबंधन को पत्र प्रेषित कर अवगत कराया जा चुका है , फिर भी कोयले के अवैध उत्खनन कार्य पर पुलिस प्रशासन व वेकोलि प्रबंधन द्वारा प्रतिबंध नहीं लगाया गया । कुछ ही दिनों पूर्व दिनांक 25 सितम्बर 2025 को मोआरी बन्द ओपन कास्ट कोयला खदान में अवैध कोयले का उत्खनन करते समय दो युवकों की चट्टान गिरने से दब जाने के कारण मृत्यु हुई थी।

## जादू नहीं विज्ञान विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**दमुआ।** नगर के शासकीय श्री नंदलाल सूद उत्कृष्ट विद्यालय जुन्नारदेव में जादू नहीं विज्ञान विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न विद्यालयों के छात्र छात्राओं द्वारा विज्ञान से संबंधित विभिन्न प्रयोगिक क्रियाकलाप के माध्यम से बताया गया कि जो जादू टोने जैसे क्रियाकलाप हम देखते हैं वह किसी प्रकार का जादू नहीं बल्कि विज्ञान से होने वाली एक रासायनिक क्रिया है जिसके अंतर्गत छात्र-छात्राओं ने सोडियम द्वारा जल में आग लगना नींबू में अम्ल की क्रिया से लाल रंग का बदलना एवं अन्य प्रकार के प्रयोगों का प्रस्तुतीकरण किया एवं लोगों को जागरूक करने एवं अंधविश्वास से बचाने के लिए विभिन्न नाट्य रूपांतरण प्रस्तुत किया कार्यक्रम का संचालन विद्यालय प्राचार्य सी एस दीक्षित के मार्गदर्शन में वरिष्ठ शिक्षिका वर्षा बंदेवार शिक्षक मनोज शर्मा की उपस्थिति में आयोजित हुआ जिसमें विभिन्न विद्यालय के छात्र छात्र एवं शिक्षक गण उपस्थित रहे उपस्थित रहे।

## कांग्रेस ने शिविर लगाकर एस आई आर का फॉर्म भरवाया



**अंबाड़ा / परासिया** :- मतदाता पुनरीक्षण कार्य एस आई आर (SIR) की गति तेज करने के लिए कांग्रेस ने अंबाड़ा पंचायत के सामने फार्म भरने में सहायता करने के उद्देश्य से शिविर का आयोजन किया । शिविर में फार्म भरने के साथ साथ 2003 का रिकार्ड की उपलब्धता एवं फार्म में क्या जानकारी भरना है ? बताया गया । फार्म में गलतियों का सुधार किया गया । ग्राम पंचायत के नागरिकों ने इस कार्य मे अपना पूर्ण सहयोग दिया । कार्यक्रम में सर्व कमल राय ब्लाक अध्यक्ष , भगवानदीन यादव महामंत्री इंटक यूनियन , बसन्त मालवी समन्वयक , संजय राय , सीतेश द्विवेदी , जिब्राइल खान , राघव शरण , रफीक खान , राकेश पासवान , पप्पू यादव , साहिल भाई , भारती उइके , अम्बोल सिंह , मट्टू साहू , विवेक मिश्रा , विधान सभा प्रभारी मोहम्मद शकील खान सैफ खान उपस्थित थे ।

## स्कूल में स्थाई काउंटर बनाया, लोगों को अब नहीं होगी परेशानी



**सिंगोड़ी:** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर की प्रक्रिया को लेकर बीएलओ को नागरिकों की कम रुचि और जागरूकता की कमी को लेकर परेसानियो का भी सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार बीएलओ सुबह से लोगो के घर पहुंच रहे कुछ लोग पत्रक संबधी जानकारी के साथ फार्म भर कर दे रहे मगर कुछ लोग घरों में नही मिल रहे यही कारण है की अब तक सिंगोड़ी में करीब 35 प्रतिशत ही लोगो के फार्म जमा हुए है । सिंगोड़ी में साढ़े चार हजार के लगभग वोटर है जिसमे चार बीएलओ विजय शर्मा साजिद अंसारी दयाराम सूर्यवंशी रामसरूप उईके सहित पटवारी राजेश चौरसिया गणना पत्रक वितरण और अपलोड करने की जिम्मेदारी सम्हाल रहे है। वही पटवारी एवं सुपरवाइजर राजेश चौरसिया ने बताया की सिंगोड़ी बाका खकरा चौरई और चिमौआ में कोटवार और पंचायत कर्मियों के मध्यम से लोगो को एसआईआर के फार्म भरने कहा जा रहा है तथा सिंगोड़ी के लिए बीएलओ बस स्टैंड स्थित स्कूल में स्थाई काउंटर भी बनाया गया है ताकि लोगो को परेशानी ना हो।

## महापौर की उपस्थिति में डिस्ट्रीब्यूशन पाइप लाइन कार्य का शुभारंभ

### क्रमांक 45 में जल प्रदाय व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



केंद्रीय सरकार की महत्वाकांक्षी अमृत 2.0 योजना के तहत वार्ड क्रमांक 45 में जल प्रदाय व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए डिस्ट्रीब्यूशन पाइप लाइन बिछाने के कार्य का शुभारंभ आज किया गया। लगभग पच्चीस लाख रुपये लागत का यह कार्य वार्ड में स्थित साईं मंदिर के पास बनी पानी की टंकी से प्रारंभ हुआ। शुभारंभ कार्यक्रम में महापौर विक्रम अहके मुख्य रूप से उपस्थित रहे साथ में मंडल अध्यक्षा लीला बजोलिया जी, जल सभापति अरुण मनोज कुशवाह जी, सभापति नमिता मनोज सक्सेना जी,पार्षद भूरा धनराज भावरकर जी, वरिष्ठ भाजपा नेता गयासुद्दीन पाशा जी ,महामंत्री आशुतोष बड़ीव जी,मनीष सोनी जी, ममता डोंगरे जी ,नेहा वर्मा जी, निशा गोस्वामी जी, महेश गढ़ेवाल जी ,अरविंद सोनी जी, नारायण चौकसे जी, विजय चंद्रवंशी जी, नरेंद्र मिश्रा जी, आशुतोष चौधरी जी, राजेश रावत जी, गौरव सूर्यवंशी जी के साथ भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे और क्षेत्र में बेहतर जलापूर्ति सुनिश्चित करने के इस प्रयास की प्रशंसा की। नगर निगम की ओर से कार्यपालन यंत्री अतुलकर एवं सहायक यंत्री विवेक चौहान उपस्थित रहे उन्होंने परियोजना के तकनीकी विवरण साझा करते हुए बताया कि इस जल नेटवर्क के अंतर्गत लगभग तीन किलोमीटर लंबी पाइपलाइन बिछाई जाएगी। इसके पूरा होने पर वार्ड में जल आपूर्ति अधिक सुचारू और नियमित हो सकेगी।

इस शुभारंभ के साथ ही वार्ड 45 के नागरिकों को भविष्य में बेहतर जल सुविधा मिलने की उम्मीद है, जो अमृत 2.0 योजना के उद्देश्यों को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है

## मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत रात्रि चौपाल का आयोजन

**पांढुर्णा।** जिला पांढुर्णा में विधानसभा क्षेत्र 125 सौंसर में पांढुर्णा कलेक्टर श्री नीरज कुमार वशिष्ठ के मार्गदर्शन में सभी ग्राम पंचायतों में सायंकालीन चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य उन मतदाताओं तक पहुँच सुनिश्चित करना है, जो दिन के समय विभिन्न कार्यों में संलग्न होने के कारण संपर्क में नहीं आ पाते। रात्रिकालीन चौपाल के माध्यम से ऐसे मतदाताओं की जानकारी एकत्र की जा रही है और उन्हें विशेष लाभ प्रदान किया जा रहा है। ग्राम पंचायत घोटी में मतदान केंद्र क्रमांक 180 और 181 में कुल 2142 मतदाताओं में से 1311 मतदाताओं की जानकारी डिजिटाइज की जा चुकी है, जो कुल मतदाताओं का 61% है। चौपाल में सरपंच श्रीमती प्रियंका सचिन बल्की, बूथ लेवल ऑफिसर श्री संजू बोडे, श्री गिरधर सहारे, सचिव श्री योगेश भद्रे, पटवारी श्री प्रतीक मिश्रा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती छाया बल्की, सारिका भोयर, वंदना देवलकर, कोटवार श्री प्रकाश जांबुलकर, श्री बालाजी जांबुलकर, श्री शिवदास इंदौरकर उपस्थित रहे।

## 6 मरीजों को दिलाई 3 लाख 15 हजार की मदद

**छिंदवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू ने हार्ट, कैंसर, पीलिया सहित अन्य बिमारियों से पीड़ति 6 जरूरतमंद मरीजों को 2 लाख 15 हजार की आर्थिक मदद दिलाई है। सांसद श्री साहू की पहल पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को स्वेच्छानुदान मद से आर्थिक सहायता दी है। यह आर्थिक सहायता राशि मिलने पर 6 जरूरतमंद मरीजों का नागपुर और छिन्दवाड़ा के अस्पतालों में बेहतर इलाज हो सकेगा। सांसद श्री साहू के निवेदन पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपनी स्वेच्छानुदान मद से पांढुर्ना के ग्राम गुर्जर खेडी निवासी विलास पिता वसंतराव मोझरकर को 35,000 , न्यूटन चिखली निवासी रफीक मोहम्मद पिता शेख ताज को 45,000 एवं पांढुर्णा के ग्राम सिवनी निवासी दीपक पिता मदन काटोले को 50,000 की राशि दी है, इन तीनों मरीजों का इलाज नागपुर के अस्पतालों में होगा वही बिछुआ के ग्राम महराजतपुर निवासी विनीता इनवाती को 60,000, परासिया निवासी अमिना बी पति शेख मोमिन अंसारी को 65,000 एवं छिन्दवाडा निवासी ज्ञानीराम पिता दशरत गोरमारे को 60,000 हजार की राशि दी है, इन तीनों मरीजो का इलाज छिन्दवाड़ा के अस्पतालों में होगा।

## तेली समाज क्रिकेट लीग का भव्य समापनः बल्हारे टाइगर बनी सिरमौर




हरिभूमि न्यूज लांजी।

तेली समाज क्रिकेट लीग (TCL) का समापन रविवार, 16 नवंबर को हुआ, जिसमें कुल 16 टीमों ने हिस्सा लिया था। इन टीमों में सभी खिलाड़ी लांजी, किरनापुर और हट्टा क्षेत्र के थे। खिलाड़ियों का चयन ऑक्शन के माध्यम से 5 अक्टूबर को सिद्धेश्वर मंगल भवन में किया गया था। फाइनल मुकाबला बल्हारे टाइगर सालेकसा और साई आराध्य लांजी के बीच खेला गया, जिसमें बल्हारे टाइगर ने जीत हासिल की। तेली समाज क्रिकेट लीग भाग 1 का प्रथम पुरस्कार 80,000 रुपये और ट्रॉफी सामाजिक सहयोगी द्वारा दिया गया, जबकि द्वितीय पुरस्कार और ट्रॉफी श्री चमनलाल सहारे द्वारा प्रदान की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रमेश भटेरे, गुड्डू कराहे, आलोक चौरसिया, भूषण बनोते, तेली समाज अध्यक्ष खेमराज कोठरे और अन्य सामाजिक सदस्य उपस्थित थे। आयोजक समिति ने इन सभी का आभार व्यक्त किया है। आयोजक समिति के अध्यक्ष इंद्रराज सहारे, उपाध्यक्ष सुनील सातपुते, आयुष बरसागड़े, विकाश सातपुते, उमेंद्र सोमनकर, अनुराग घोंघड़े, प्रिंस घोंगड़े और उदित सोमनकर ने इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### क्षेत्र में विकास कार्यो को करवाने सरकार का मिल रहा पूरा सहयोग-विवेक पटेल

## विधायक ने भोपाल प्रवास में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह से की भेंट

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** विधायक विवेक विक्की पटेल ने अपने भोपाल प्रवास के दौरान मध्यप्रदेश के लोक निर्माण मंत्री व जबलपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र से विधायक राकेश सिंह से भेंट कर कई विषयों पर चर्चा की और क्षेत्र की जर्जर सडक्रों से जुड़ी समस्या को लेकर अवगत कराते हुये उन्हें प्राथमिकता दिये जाने का आग्रह किया। विधायक विवेक विक्की पटेल द्वारा अनेंक विभागों के प्रमुख अधिकारियों से भी भेंट की गई।



जानकारी के मुताबिक विधायक विवेक विक्की पटेल ने अपने भोपाल प्रवास के दौरान राजधानी भोपाल में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह द्वारा लम्बित विकास कार्यो को तीव्र गति से किए जाने के सन्दर्भ में मुलाक़ात कर विस्तृत चर्चा करते हुए संबंधित कार्यो से अवगत कराया गया। इस दौरान लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता के पी राणा भी मौजूद रहे।

**कन्हडग़ाँव से भानपुर के बीच पुल बनाने की मांग:** विधायक विवेक विक्की पटेल ने अपने विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कन्हडग़ाँव से भानपुर के बीच पुलिया लम्बे समय से क्षतिग्रस्त होने की जानकारी से विस्तारपूर्वक अवगत करवाते हुए नवीन पुलिया, सडक़ एवं भवन निर्माण कार्यों का प्रस्ताव प्रेषित करने की मांग की। इस मुलाकात के दौरान लोक निर्माण विभाग के प्रदेश मंत्री राकेश सिंह ने आश्वस्त किया कि जनहित के कार्यों में पूरा सहयोग किया जाएगा।

**बहुत जल्द डोंगरमाली,साकड़ी,चंगेरा सडक़ का चौड़ीकरण का निर्माण कार्य होगा प्रारम्भः** विधायक विवेक विक्की पटेल ने बताया कि विभागीय अधिकारियों से भेंट मुलाकात सकारात्मक रही। क्षेत्र के विकास को लेकर उन्हें अवगत कराया गया और उनसे पत्र व्यवहार किया गया हैं। उम्मीद हैं कि संबंधित दिये गये कार्यो के प्रस्ताव को प्राथमिकता मिलेगी और वह क्षेत्र के विकास में अहम होगें। विधायक बनने के बाद मेरे द्वारा लगातार विकास कार्यों को किए जाने को लेकर माननीय मुख्यमंत्री सहित विभिन्न विभागों के मंत्री से मुलाकात किया जा रहा है। मेरे क्षेत्र की जनता मुझसे जो काम करवाने की मांग करती हैं, मैं उन्हें पूरा करने का प्रयास करता हॅू। बहुत जल्द डोंगरमाली,साकड़ी,चंगेरा लगभग 47 किलोमीटर सडक़ के चौड़ीकरण निर्माण का कार्य प्रारम्भ किया जाएगा।

## भाजपा कार्यकर्ता सागर बिसेन ने अनुरोध पत्र सौपकर की मांग

### भाजपा कार्यकर्ता सागर बिसेन ने जल संसाधन मंत्री से मुलाकात कर मुरझड नहर को खड़गपुर नहर से की जोड़ने की मांग



हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।

कटंगी खैरलांजी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम भजियादंड के भाजपा कार्यकर्ता एंव समाजसेवी श्री सागर बिसेन के द्वारा 18 नवंबर सोमवार भोपाल में म.प्र.सरकार के जल संसाधन विभाग के मंत्री माननीय तुलसी सिलावट से उनके आवास पर मुलाकात की और राजीव सागर परियोजना नहर संभाग 3 कटंगी की बाएं तट मुख्य नहर के चैन क्रमांक 2216 से मुरझड़ वितरक नहर के 158 चैन पर सर्वे कर जोड़े जाने के सम्बंध विस्तृत चर्चा कर क्षेत्र के किसानों की पानी की समस्या को रखी गई । सागर बिसेन ने बताया की मंत्री जी के द्वारा सर्वे करवाया जाने के लिए आश्वस्त किया गया । भाजपा कार्यकर्ता सागर बिसेन ने जल संसाधन मंत्री को अनुरोध पत्र सौपकर कृषको की समस्या से अवगत कराया। श्री सागर बिसेन ने बताया की राजीव सागर परियोजना नहर संभाग कटंगी 3 के अंतर्गत आने वाले भजियादंड, झरिया, अमई, सालटेका, मुरझड, हेटीटोला अन्य ग्रामो के भूमी का रकबा सिंचाई हेतू दर्शाया गया है । इन ग्रामो तक नहर तो बनी हुई है लेकिन आखिर छोर टेल तक पानी नही पहुंच पाता , जिसकी वजह से इस वर्ष भी पानी के अभाव में किसानो की धान की फसल सुखी व प्रभावित हुई। उन्होंनो बताया की मुरझड वितरक नहर को पूर्व में खड़गपुर से न जोड़कर तीन किलोमीटर नीचे स्थित पौनरा से जोड़ा गया ।यहा से उमरवाडा, लालपुर होते हुए मुरझड वितरक नहर भजियादंड, अमई, सालटेका, झरिया, डोंगरिया, हेटीटोला ग्रामो को सिंचाई के लिए जोडा गया इसी कारण पानी नही पहुंच पा रहा है। अगर विभाग के द्वारा नया सर्वे कराकर मुरझड वितरक नहर को सीधे खड़गपुर मुख्य नहर से जोड दिया जाता है तो उपरोक्त इन ग्रामो को सिंचाई के लिए पर्याप्त रूप पानी मिल सकता है।इसी मांग को लेकर अनुरोध पत्र सौपा गया ।

### पुलिस ने आरोपी से चोरी की मोटरसाइकल भी की बरामद

## लांजी पुलिस ने 24 घंटे में चोरी के आरोपी को किया गिरफ्तार





हरिभूमि न्यूज लांजी।

क्षेत्र में बढ़ती चोरी की घटनाओं को देखते हुए पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए 24 घंटे के भीतर एक चोर को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही, पुलिस ने चोरी के दौरान चुराए गए दो पहिया वाहन को भी बरामद कर लिया है। यह पुलिस की त्वरित प्रतिक्रिया को दर्शाता है, जो हाल के दिनों में क्षेत्र में बढ़ रही चोरी की घटनाओं को रोकने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा के कुशल निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आदर्शकांत शुक्ला एवं एस.डी.ओ.पी. लांजी श्री ओमप्रकाश के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी लांजी दीप सिंह परमार के नेतृत्व में सउनि परमानंद भगत-आर आशुतोष, दिलीप, सुजीत, चेतन, महेन्द्रके द्वारा चोरी की घटना का 24 घंटे के भीतर सफलतापूर्वक खुलासा किया गया है।चोरी के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और चोरी की गई मोटरसाइकल भी बरामद कर ली है।लांजी पुलिस ने सुभाष पिता श्रीचंद सोनबरसे नामक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जो भालवा थाना किरनापुर का रहने वाला है। आरोपी के पास से चोरी की गई मोटरसाइकल एचएफ डिलक्स क्रमांक एमपी50-एमटी-8089 बरामद की गई है, जिसकी कीमत 35,000 रुपये है।लांजी पुलिस ने इस मामले में अपराध क्रमांक 299/2025 धारा 303 (2) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

## किसान महासम्मेलन की तैयारी : राजीव सागर और बिजली विभाग के अफसरों को सौंपा ज्ञापन

**हरिभूम न्यूज कटंगी।** पठार संघर्ष समिति और राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के नेतृत्व में आगामी 27 नवंबर को बोनकट्टा के बैरियर चौक में किसान महासम्मेलन की तैयारी की जा रही है। इस महासम्मेलन में समूचे विधानसभा क्षेत्र कटंगी-खैरलांजी के किसानों को आमंत्रित किया जा रहा है। इस महासम्मेलन की तैयारी को लेकर दो राज्यों की संयुक्त सिंचाई परियोजना राजीव सागर बांध और बिजली विभाग के सहायक यंत्री राजीव रंजन को ज्ञापन सौंपा गया है। विधायक गौरव सिंह पारधी को भी अपने प्रमुख मांगों को लेकर आयोजक ज्ञापन सौंपें जाने की तैयारी थी किंतु विधायक का दौरा कार्यक्रम होने की वजह से आयोजकों की उनसे मुलाकात नहीं हो पाई। पठार संघर्ष समिति संयोजक आंजनबिहरी सरपंच दीपक पुष्पतोड़े और राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के जिलाध्यक्ष खोवेन्द्र तुरकर ने बताया कि बोनकट्टा के बैरियर चैक में किसानों का महासम्मेलन होगा। बता दें कि गत दिवस 30 अक्टूबर को जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक संपन्न हुई है।



इस बैठक में लघु, मध्यम और वृद्ध सिंचाई परियोजनाओं में पानी की उपलब्धता के आधार पर रबी की प्रमुख फसलों की सिंचाई के लिए पानी आंवटित करना सुनिश्चित किया गया है। बैठक में निर्णय लिया गया है कि आगामी रबी के सीजन में धान की फसल की सिंचाई के लिए पानी दिया जाना संभव नहीं है केवल गेहूं, चना, उड़द, सूरजमुखी और कुसुम फसलों को ही पानी दिया जाएगा। इसी बात का क्षेत्र के किसान विरोध कर रहे है। खासतौर पर पठार अंचल के करीब 20 से अधिक गांवों के गन्ना उत्पादक किसानों में हड़कंप मच हुआ है। दरअसल, पठार अंचल के किसान प्रमुख तौर पर गन्ना और धान की फसल का उत्पादन करते हैं। इसके अलावा क्षेत्र में प्रमुख तौर पर रबी के सीजन में भी धान की फसल ही लगाई जाती है।

किसानों का कहना है कि राजीव सागर बांध से सिंचित क्षेत्र में धान और गन्ने को छोड़कर चिन्हित की गई फसलों को लगाना संभव नहीं है। किसान पूर्व में उक्त चिन्हित की गई फसल लगाते थे किंतु समय काल परिस्थिति के अनुसार उसमें परिवर्तन किया गया है। इसके अलावा वन्य प्राणियों के द्वारा फसलों को नुकसान पहुंचाया जाता है। मजदूरों के अभाव में पकी हुई फसलें किसानों के घरों तक नहीं पहुंचती और वर्तमान में खेती की संरचना धान और गन्ने की फसलों के लिए तैयार की गई है। वैसे ही खेतों में अत्याधिक नमी होने के कारण जनवरी माह तक खेतों की जुताई नहीं हो पाती। क्षेत्र में अधिकांश जगह पर गन्ने की खेती की जाती है। गन्ने की खेती एक बार लगाने के बाद तीन से चार वर्ष तक फसल प्रदान करती है और बिजली विभाग भी किसानों को सिंचाई के लिए लगातार 10 घंटे तक बिजली नहीं देता है। ऐसी स्थिति में यदि इस वर्ष बांध का पानी सिंचाई के लिए नहीं दिया गया तो फसलें चैपट हो जाएगा और किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है।

## सप्त शक्ति महिला संगम कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**वारासिवनी।** विद्या भारती महाकौशल के आव्हान पर सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वारासिवनी द्वारा श्रीमती चेतना देवरस के मुख्य संयोजन में केशव इंग्लिश स्कूल वारासिवनी के प्रागंण में सप्त शक्ति महिला संगम का आयोजन सुश्री स्वल्पना तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सुश्री दीक्षा जैन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत वारासिवनी द्वारा भारत के विकास में महिलाओं की भूमिका तथा श्रीमती प्रतिमा बिसेन प्राध्यापक जटाशंकर महाविद्यालय बालाघाट ने अपने वक्तव्यों से उपस्थित महिला शक्ति को सम्बोधित करते हुए मातृ शक्ति से अपनी क्षमताओं को पहचान कर वर्तमान ज्वलंत समस्याओं में अपना योगदान देने का आव्हान किया।

# रेत ठेकेदार के गुर्गों ने चलायी गोली विकास पटले के पेट में लगी, सिवनी रिफर

**केवलारी- रेत खदान हिर्री (उगली) सिवनी के रेत अवैध ब्रिक्रेता, रॉयल्टी चोरी कर्ता, अवैध रेत डम्प कर्ता,अबैध उत्खनन कर्ता ठेकेदार ओर गुर्गो के द्वारा क्षेत्र की शांति भंग करने ओर हत्या करने के उद्देश्य को लेकर दिन दहाड़े चलायी गोली , विकास पटले पिता गजेंद्र पटले निवासी इमली टोला के पेट में गोली लगी।**



सिविल हॉस्पिटल केवलारी- मे इलाज के-बाद में सिवनी रिफर किया।पूर्व सासंद बालाघाट कंकर मुंजारे उगली पहूंचकर हकीकत की जानकारी लेकर शासन प्रशासन को दोषी ठहराते हुये रेत माइनिंग का ठेका निरस्त करने की मांग की है।

अभी ज्यादा समय भी नहीं बीता है डंफर से दबाकर सायकल सवार को मार दिया गया था,इसके अलावा डम्फर मे सोये क्लीनर को रेत मे दबाकर मार दिया गया था दो दो मौतो के बाद भी ठेकेदार की माफिया नीति खनिज विभाग सिवनी की देखरेख मे मानव जीवन की दुश्मन बनी हुयी है।

दिनांक 19नबम्वर 2025 को भी रेत माफिया के गुर्गो ने इमली टोला निवासी विकास पटले के पेट मे गोली चलाकर यह संदेश दिया कि अबैध रेत माइनिंग, अबैध रेत डंम्पिंग का जो आदमी बिरोध करेगा उसको सदा के लिये मौत की नींद सुला दिया जायेगा। जिला खनिज अधिकारी, खनिज निरीक्षक के संरक्षण मे बंद खदान मे भी बीते 4 माह से पोकलैंड मशीनरीयो के द्वारा चिंहाकित एलाटमेंट एरिया से भी 4 गुने क्षेत्र से खनन का धंधा ओर रेत डम्प करने का धंधा चलता रहा है।आज सीधे गोली चलने की घटना ने यह पुनः सोचने पर मजबूर कर दिया है कि प्रशासन रेत माफियों ,खनिज माफियो के आगे नतमस्तक है।



## वन विभाग ने जप्त 25 की नग सागौन

**कहानी।** मुख्य वन संरक्षक मधुवी राज एवं विभागीय उच्च अधिकारियों के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में वन परिक्षेत्र कहानी एवं शिका की संयुक्त टीम ने मुखबीर के माध्यम से सूचना प्राप्त होने के बाद त्वरित कार्यवाही करते हुए 17 तारीख को प्रातः है 8 बजे लिमतरा बीट के काची बुधवार में अलग-अलग चार स्थानों पर देवेश दी इस कार्यवाही के दौरान 25 नग सागवान बरामद किए गए जिनका कुल आयतन 0.298 घन मीटर अनुमानित बाजार मूल लगभग 28000 रखा गया जप्त की गई समस्त सागौन लकड़ी को विधिवत पंचमनामा तैयार करते हुए निस्तार डिपो कहानी में उतर गया आगे की कार्यवाही विभागीय नियम अनुसार की जावेगी इस कार्यवाही में शिका एवं कहानी वन विभाग टीम के लगभग 20 कर्मचारी उपस्थित रहे।

### इनका कहना है

मुख्य वन संरक्षक सर के आदेश पर तैयार टीम के द्वारा उपरोक्त कार्यवाही को अंजाम दिया गया

**जगमोहन शिवहरे (डिप्टी रेंजर) कहानी**

## खबर संक्षेप

### डॉ प्रवीण तोगड़िया का सिवनी आगमन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संस्थापक राम जन्मभूमि आंदोलन के प्रणेता हिंदू हृदय सम्राट हिंदुओं के लिए सदैव सजग और सतर्कता से कार्य करते हुए हरदम हिंदुओं की चिंता करने वाले डॉ प्रवीण भाई तोगड़िया जी का शिव की नगरी सिवनी में दिनांक 21 नवंबर दिन शुक्रवार को रात्रि 8:00 बजे नगर आगमन हो रहा है डॉ प्रवीण भाई तोगड़िया अमरवाड़ा, छिंदवाड़ा ,चौरई होते हुए सिवनी की सीमा पर प्रवेश करेंगे जहां सकल हिंदू समाज के द्वारा एवं अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद, राष्ट्रीय बजरंग दल , राष्ट्रीय किसान परिषद के कार्यकर्ताओं के द्वारा जगह-जगह आतिशबाजी ,ढोल नगाड़े के साथ तथा पुष्प वर्षा करते हुए उनका स्वागत किया जाएगा। रात्रि विश्राम सिवनी में ही होगा 22 तारीख दिन शनिवार को कार्यकर्ताओं से पारिवारिक भेंट उपरांत दोपहर बाद 2:00 बजे से राशि लान बारापत्थर सिवनी में डॉ प्रवीण भाई तोगड़िया विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे उक्त कार्यक्रम में पहुंचने की अपील अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय किसान परिषद के राष्ट्रीय मंत्री डॉ प्रमोद राय द्वारा की गई है उक्त कार्यक्रम में सभी व्यायाम शाला संचालक सभी मठ मंदिरों के संचालक तथा सनातन हिंदू समाज से आस्था रखने वाले लोगों से उपस्थित की अपील की जाती है।

### दिव्यांगों को मिले शासन की योजनाओं का लाभ

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मप्र विद्युत मण्डल अधिकारी कर्मचारी दिव्यांग संगठन ने दिव्यांगों को शासन द्वारा दी जा रही छूट और सुविधा न मिलने पर आक्रोश जताया है। संगठन ने सीएम डा.मोहन यादव को ज्ञापन भेजकर कार्रवाई की मांग की है। संघ के अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह ठाकुर ने कहा कि कैश लैस बीमा के अंतर्गत सिवनी, बालाघाट,छिंदवाड़ा मेडीकल को शामिल किया जाए जिससे जिलेवासी अपना उपचार करा सके। शासन के अधीन संचालित पाठशालाओं एवं शासन के द्वारा वित्त पोषित अर्द्धशासकीय शालाओं में निःशक्त बालक-बालिकाओं को स्कूल तक पहुंचने में हो रही असुविधाओं को देखते हुए उन्हें वाहन,रिक्शा में भेजने हेतु राशि का भुगतान स्कूल फंड से की जाऐ ताकि वे पढ़-लिख कर समाज में अच्छा दर्जा प्राप्त कर सकें।

## डी पी चतुर्वेदी विधि महाविद्यालय की काजल चक्रवर्ती राष्ट्रीय युवा उत्सव 2026 में दिल्ली में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी

**डी पी चतुर्वेदी विधि महाविद्यालय सिवनी की बी ए एल एल बी प्रथम सेमेस्टर की विधार्थी काजल चक्रवर्ती राष्ट्रीय युवा उत्सव 2026 में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी । प्रतिभाशाली विद्यार्थी काजल चक्रवर्ती ने दिनांक 17-18 नवंबर 2025 को आयोजित राज्य स्तरीय युवा उत्सव 2025,मे रवींद्र भवन, भोपाल में कविता लेखन के क्षेत्र में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि के साथ उन्हें 6000 की पुरस्कार राशि भी प्रदान की गई।** इस भव्य आयोजन में मध्यप्रदेश के दस संभागों से 350 युवा प्रतिभागियों ने अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुतियों से प्रदेश की सांस्कृतिक, साहित्यिक, कला, विज्ञान एवं लोक संस्कृति की समृद्धि को उजागर किया। माननीय सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग जी की गरीमामयी उपस्थिति में विभिन्न



विधाओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विभाग के उपसचिव अजय श्रीवास्तव, विभाग संचालक राकेश गुप्ता, संयुक्त संचालक बी.एस. यादव, जिला खेल अधिकारी और बड़ी संख्या में प्रतिभागी उपस्थित रहे।

आगामी राष्ट्रीय युवा उत्सव 2026,जो 12 जनवरी 2026 को नई दिल्ली में आयोजित होना संभावित है में काजल चक्रवर्ती मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी।

काजल चक्रवर्ती को डी पी चतुर्वेदी विधि महाविद्यालय के संचालक डॉ.रामकुमार चतुर्वेदी, विधि विभागाध्यक्ष एडवोकेट अखिलेश यादव, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी प्राध्यापक श्रीमति अन्नपूर्णा मिश्रा,डॉ.महेन्द्र नायक,रामेश्वर पांडे, श्रीमति वैशाली नीलेश गौंडिया, दीपक पटले, देवीसिंह निर्मलकर,अनिकेत अहिरवार व महाविद्यालय परिवार ने हार्दिक बधाई और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ प्रेषित किया। काजल चक्रवर्ती जैसे जिले की युवा प्रतिभाओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन से सिवनी जिले का नाम प्रदेश और देश में रोशन किया ऐसीं प्रतिभाओं पर हमें गर्व है!

## अज्ञात वाहन से मादा तेन्दुआ की मौत

**सूत्र बताते है कि हर महीने कोई न कोई जंगली जानवर सडक़ दुर्घटना में मारा जाता है, लेकिन प्रशासन केवल खानापूर्ति करता है। यहां वाइल्डलाइफ कॉरिडोर की सुरक्षा पूरी तरह नजरअंदाज़ की गई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि हाईवे पर स्पीड कंट्रोल के कोई प्रभावी इंतज़ाम नहीं रात में पुलिस और वन विभाग की पेट्रोलिंग बेहद कमजोर बार-बार की घटनाओं के बावजूद संरचनात्मक सुधार नहीं।**



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** वन परिक्षेत्र खवासा (बफर) के कोठार बीट कक्ष क्रमांक आर. 330 वनग्राम कोठार के समीप से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 44 में मध्य प्रदेश महाराष्ट्र की सीमा पर एक अज्ञात वाहन से मादा तेन्दुआ के टकराने से मृत होने की घटना प्रकाश में आई जिस पर एन.टी.सी.ए. नई दिल्लीम एवं कार्यालय मुख्यआ वन्यकजीव अभिरक्षक मध्यप्रदेश, भोपाल से जारी दिशा निर्देश अनुरूप कार्यवाही करते हुये मृत मादा तेन्दुतआ के शव को खवासा स्थित वन्य प्राणी चिकित्साकलय लाया गया एवं शव को कर्मचारियों की निगरानी में सुरक्षित रखा गया। दिनांक 19.11.2025 को मृत मादा तेन्दुंआ के शव का शव परीक्षण वन्यंजीव चिकित्सदक के नाम डॉ. अमित रैयकवार, पशु चिकित्सक विकासखण्डआ कुरई, डॉ. मृणालिनी रामटेके पशु चिकित्स1क कुरई जिला सिवनी (म.प्र.) के द्वारा किया गया। वन्यडजीव मादा तेन्दुआ के सभी अंग सुरक्षित पाये गये। निर्धारित प्रक्रिया अनुसार शवदाह भस्मीकरण की कार्यवाही देवाप्रसाद जे., मुख्यि वन संरक्षक एवं क्षेत्र संचालक पेंच टाइगर रिजर्व सिवनी, दामोदर प्रसाद दुबे तहसीलदार कुरई, कासिम खान उपसरपंच खवासा, राहुल क्षीरसागर, डब्यूादर .सी.टी. एवं एन.टी.सी.ए. प्रतिनिधि व अन्या की उपस्थिति में की गई तथा निर्धारित एस.ओ.पी. का पूर्णतःपालन किया गया।



### बच्चों ने बाल मेला आयोजन किया

सोनखार। प्रदीप तिवारी। विगत दिवस बच्चों ने बाल मेला आयोजन किया गया ग्रामीणजन उपस्थित रहे व उत्साह वर्जन किया प्रधान पाठक शिखर चंद खडाते व झनक मंड़ावी, कमलेश साहू,चेतन तेकाम, भूपेंद्र दीवान,विपिन टेकाम वह अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## सीएम राइज विद्यालय सुकतरा में छात्र से मारपीट का आरोप, अभिभावक ने प्रशासन से न्याय की मांग

### पूर्व में भी एक छात्र को गणवेश न पहनने पर धूप में खड़ा करने की शिकायत

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

सी.एम. राइज विद्यालय सुकतरा में एक बार फिर छात्र से मारपीट का गंभीर मामला सामने आया है। ग्राम मोहगांव सडक़ निवासी सतकुमार साहू ने आरोप लगाया है कि उनके पुत्र दिव्यांश साहू (कक्षा 5वीं) के साथ विद्यालय के प्राचार्य और स्टाफ द्वारा लगातार दुर्व्यवहार किया जा रहा है।

अभिभावक के अनुसार लगभग एक माह पूर्व विद्यालय के प्राचार्य संजय श्रीवास्त्री ने दिव्यांश को कान में जोर से मारा-पीटा था। इससे बच्चे के कान में तीव्र दर्द, सूजन तथा मवाद बनने की स्थिति हो गई। स्थिति इतनी गंभीर हो गई कि बच्चा स्कूल आने-जाने में भी असमर्थ हो गया।

181 पर शिकायत, फिर दबाव में वापस करवाए जाने का आरोप घटना के बाद सतकुमार साहू ने डायल 181 पर शिकायत दर्ज कराई, जिसका पंजीयन क्रमांक 34674350 है। अभिभावक का आरोप है कि शिकायत के बाद स्कूल प्रबंधन ने उन पर



दबाव बनाकर आवेदन वापस करवा लिया। प्रबंधन ने भरोसा दिलाया था कि भविष्य में ऐसी घटना दोबारा नहीं होगी। लेकिन दीपावली अवकाश के बावजूद उत्पीडऩ का सिलसिला नहीं रुका।

अवकाश के बाद दिव्यांश के स्कूल पहुंचने पर एक शिक्षक ने फिर उसके कान पर प्रहार किया, जिससे दर्द और मवाद की समस्या और बढ़ गई। लगातार दुर्व्यवहार से बच्चा स्कूल जाने में डर महसूस कर रहा है, वहीं परिवार भी मानसिक तनाव में है।

पूर्व का मामला- गणवेश न पहनने पर धूप में खड़ा करना परिवार ने यह भी बताया कि इससे पहले गणवेश न होने पर एक अन्य छात्र को तीखी धूप में खड़ा किया गया था, जिससे वह चक्कर खाकर गिर पड़ा था। इसकी भी शिकायत की गई थी।

सतकुमार साहू ने कहा कि यदि मेरे पुत्र की हालत बिगड़ती है या भविष्य में किसी प्रकार का शारीरिक या मानसिक नुकसान होता है, तो इसकी पूर्ण जिम्मेदारी प्राचार्य संजय श्रीवास्त्री और संबंधित शिक्षक की होगी।

जनजाति विभाग के एसी, एसडीएम, तथा थाना कुरई में शिकायतें दी हैं, लेकिन अब तक किसी भी प्रकार की कार्रवाई न होने पर नाराजगी जताई।

प्राचार्य संजय श्रीवास्त्री ने इन आरोपों को गलत बताते हुए कहा है कि परिजन विद्यालय प्रबंधन पर ब्लैकमेल करने का प्रयास कर रहे हैं। अंत में अभिभावक ने जिला प्रशासन एवं पुलिस अधीक्षक से त्वरित और नियमानुसार कार्रवाई की मांग की है, ताकि बच्चे को न्याय मिल सके और ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

## पीएम आवास निर्माण का विरोध, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**सिवनी।** नगर पालिका परिषद सिवनी द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (अर्बन 2.0-एएचपी) के तहत 1161 आवासों के निर्माण के लिए कंपनी गार्डन क्षेत्र के चयन का नागरिकों ने जोरदार विरोध किया है। बुधवार को बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, सामाजिक संगठन और पर्यावरण प्रेमी कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और निर्णय को जनविरोधी तथा पर्यावरण के लिए हानिकारक बताते हुए ज्ञापन सौंपा। नागरिकों ने कहा कि कंपनी गार्डन सिवनी का ऐतिहासिक, हरित और सबसे बड़ा सार्वजनिक पार्क है, जहाँ प्रतिदिन हजारों लोग योग, वॉकिंग, व्यायाम, मनोरंजन और सांस्कृतिक गतिविधियों हेतु आते हैं। इस स्थान को आवास निर्माण के लिए चुनना शहर के स्वास्थ्य, पर्यावरण और भविष्य के साथ खिलवाड़ है। ज्ञापन में नागरिकों ने चेताया कि कंपनी गार्डन शहर के ग्रीन लंग्स के रूप में कार्य करता है। नागरिकों ने कलेक्टर से मांग की है कि कंपनी गार्डन में 1161 आवास निर्माण के प्रस्ताव को तत्काल निरस्त किया जाए, हरित क्षेत्र को प्रभावित किए बिना वैकल्पिक भूमि चयन किया जाए तथा कंपनी गार्डन को पर्यावरणीय विरासत स्थल घोषित कर संरक्षित किया जाए। साथ ही भविष्य में किसी भी पार्क या ग्रीन बेल्ट पर निर्माण रोकने हेतु स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करने की मांग भी की गई।

## अस्पताल निर्माण में भ्रष्टाचार की बू, रेत की जगह डस्ट, मुख्य बीम मोरम के बेस पर!

**संवाददाता मुकेश साहू। सिवनी/लखनादौन।**

जनपद लखनादौन अंतर्गत धनकाकड़ी ग्राम के समीप ग्राम पंचायत डूंगरिया में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन भोपाल के तहत निर्माणाधीन अस्पताल एक बार फिर भ्रष्टाचार और गंभीर तकनीकी अनियमितताओं के कारण सवालों के कटघरे में खड़ा है। ग्राउंड रिपोर्टिंग के दौरान जो दृश्य सामने आए, उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि अस्पताल निर्माण के नाम पर नियमों की धज्जियाँ उड़ाई जा रही हैं और ठेकेदार की मनमानी खुलेआम चरम पर है।

**रेत की जगह डस्ट घटिया सामग्री का खुला खेल**

निरीक्षण में पाया गया कि जहाँ भवन निर्माण में रेत का मानक रूप से उपयोग अनिवार्य है, वहाँ बड़ी मात्रा में डस्ट मिलाकर कंक्रीट तैयार किया जा रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार डस्ट का अत्यधिक उपयोग कंक्रीट की गुणवत्ता व मजबूती को बुरी तरह प्रभावित करता है। इससे भविष्य में दीवारों, स्लैब और प्लिंथ में दरारें पडऩा तय है। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या ठेकेदार और जिम्मेदार अधिकारी जानबूझकर भविष्य का खतरा खड़ा कर रहे हैं?

मुख्य बीम मोरम के बेस पर फाउंडेशन नदारद!

सबसे गंभीर खुलासा यह हुआ कि अस्पताल भवन की मुख्य बीम के नीचे तकनीकी मानकों के अनुसार बेसमेंट (फाउंडेशन) ही तैयार नहीं है। बीम को सीधे मोरम बिछाकर उस पर ही डाल दिया गया है, जो किसी भी रूप में इंजीनियरिंग नियमों के अनुरूप नहीं है। यह न केवल भारी तकनीकी गड़बड़ी को दर्शाता है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि अस्पताल की नींव ही कमजोर आधार पर रखी जा रही है।

**एक मिस्त्री ने भी मौके पर स्वीकार किया**

मुख्य बीम के नीचे सही बेस होना चाहिए, लेकिन काम मोरम के ऊपर ही चल रहा है। यह बयान अपने आप में निर्माण की गंभीरता और जिम्मेदारों की लापरवाही का सबूत है।





स्थल पर न इंजीनियर, न तकनीकी सहायक—ठेकेदार की मनमानी जारी स्थानीय लोगों और मजदूरों के अनुसार निर्माण कार्य पूरी तरह से स्थानीय मजदूरों के भरोसे छोड़ दिया गया है। न विभागीय इंजीनियर की साइट पर मौजूदगी, न तकनीकी सहायकों की निगरानी। इस तरह का सरकारी निर्माण बिना तकनीकी पर्यवेक्षण के होना अपने आप में घोर लापरवाही और नियमों का सीधा-सीधा उल्लंघन है। मजदूरों ने भी यह माना कि काम तकनीकी मापदंडों के अनुसार नहीं हो रहा है। लेकिन क्या केवल स्वीकार कर लेने से ठेकेदार और विभाग की जिम्मेदारी खत्म हो जाती है? बिल्कुल नहीं!

**करोड़ों की लागत का अस्पताल, कौन लेगा जिम्मेदारी?**

इस निर्माण पर सरकार करोड़ों रुपये खर्च कर रही है। इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करना है। मगर जिस तरह की अनियमितताएँ सामने आई हैं, वह साफ दर्शाती हैं कि आम जनता की सुरक्षा, स्वास्थ्य और जीवन के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

**अब सवाल प्रशासन से क्या होगी उच्च स्तरीय जांच?**

सारी अनियमितताएँ एनएचएम भोपाल के अंतर्गत किए जा रहे कार्य पर सवाल खड़े करती हैं। अब सबकी निगाहें सिवनी जिले की संवेदनशील और सजग कलेक्टर मैडम पर टिकी हैं। क्या जिला प्रशासन इस भ्रष्टाचार और तकनीकी लापरवाही की उच्च स्तरीय जांच कराएगा?

**क्या दोषियों पर सख्त कार्रवाई होगी?**

या फिर यह मामला भी फाइलों में दबकर रह जाएगा?

स्थानीय ग्रामीणों का स्पष्ट कहना है अगर अभी जांच नहीं हुई, तो करोड़ों की लागत से बन रहा यह अस्पताल आने वाले वर्षों में खंडहर बनने से कोई नहीं रोक सकता।

## कक्षा 3 से 8वीं तक की अर्द्धवार्षिक परीक्षा 24 से 29 नवम्बर तक

**सिवनी।** परियोजना समन्वायक जिला शिक्षा केन्द्रध सिवनी ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार जिले में कक्षा 3 से 8वीं तक की अर्द्धवार्षिक मूल्यांकन परीक्षा सत्र 2025-26 का आयोजन 24 नवम्बर से 29 नवम्बर 2025 तक किया जाएगा। यह परीक्षा राज्य शिक्षा केन्द्र के निर्देशानुसार कलेक्टर श्रीमती पटले एवं जिला मिशन संचालक, जिला शिक्षा केन्द्र सिवनी के मार्गदर्शन में कराई जाएगी। परीक्षा का आधार 30 अक्टूबर 2025 तक पढ़ाई गई पठन सामग्री होगी तथा प्रश्नपत्र राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा निर्मित कराए गए हैं। वार्षिक परीक्षा परिणाम में अर्द्धवार्षिक परीक्षा के प्राप्तांकों का 20 प्रतिशत अंक अधिभार के रूप में जोड़ा जाएगा। कक्षा 5वीं एवं 8वीं के विद्यार्थियों के विषयवार प्राप्तांक शालाओं द्वारा परीक्षा पोर्टल पर दर्ज किए जाएंगे। अधिभार की गणना सॉफ्टवेयर द्वारा स्वतः की जाएगी। राज्य शिक्षा केन्द्र ने यह भी निर्देश दिए हैं कि एकरूपता की दृष्टि से मान्यता प्राप्त अशासकीय (अनुदान प्राप्त एवं गैर-अनुदान प्राप्त) शालाओं एवं डायस कोड प्राप्त मदरसों में भी कक्षा 5वीं एवं 8वीं के विद्यार्थियों हेतु अर्द्धवार्षिक मूल्यांकन उक्त अवधि में ही कराया जाएगा। इन संस्थाओं द्वारा तैयार प्रश्नपत्रों की एक प्रति 5 दिसम्बर 2025 तक संबंधित बीआरसीसी कार्यालय में जमा कर पावती प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

### कृषि विज्ञान केंद्र सहित अन्य स्थानों में देखा गया कार्यक्रम

## प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि कार्यक्रम अंतर्गत पात्र किसानों के खाते में पहुँची हितलाभ राशि

**सिवनी।** कृषि विज्ञान केंद्र सिवनी के दर्पण सभागार में माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज कोयम्बकटुर, तमिलनाडुसे पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 21वीं किस्त के तहत धनराशि हस्तांतरण का सीधा प्रसारण किया गया एवंकिसान भाई-बहनों को संबोधित किया। डॉ शेखर सिंह बघेलवरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख के मार्गदर्शन में कृषि विज्ञान केंद्रसिवनी में आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सिवनी जिला के प्रगतीषील किसानों को दिखाया गया। इस सजीव प्रसारण के दौरान श्री राकेश बैस – पूर्व प्रदेश मंत्री किसान मोर्चा, श्री शिव सनोडिया – जिला महामंत्री किसान मोर्चा, नायब तहसीलदार, श्री सुरेश राय,उपसंचालक कृषि श्री सुधीर धुर्वे, सहायक संचालक प्रफुल्ल घोडेस्वर कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉशेखर सिंह बघेल आदि मंचासीन रहे। कार्यक्रय के मुख्य अतिथि श्री राकेश बैस द्वारा खेती को एग्रो इंडस्ट्रीभ के रूप मे आगे बढाने और लाभ कमाने की बात कहीं। विशिष्टक अतिथि श्री शिव सनोडिया ने प्रधानमंत्री जी को कृषकों को सौगात देने हेतु धन्यटवाद दिया। स्वाागत उदबोधन डॉ. शेखर सिंह बघेल – द्वारा दिया गया। कार्यक्रम में ग्राम फरेदा के किसान श्री भुजबल सिंह गहलोत द्वारा गीत के माध्यभम से पीएम किसान सम्मा न निधि का गुणगान किया। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं आभार प्रदर्शन वैज्ञानिक डॉ. निखिल सिंह द्वारा किया गया। इस दौरान सिवनी के लगभग 200 से अधिक किसानों ने कार्यक्रम में भाग लिया।कार्यक्रम दौरान किसान भाइयों को वैज्ञानिक डॉ. निखिल सिंह ने रबीमौसम में गेंहू, चना सूरजमुखी, मटर, मसूर,सरसों आदि फसलों की उन्नत कृषि तकनीक नवीनतम किस्मों की जानकारी प्राकृतिक खैती, समन्वित पोषक तत्वर प्रबंधन, नरवाई प्रबंधन विषय पर तकनीकी सलाह प्रदान की, कार्यक्रम में विशेष रूप से कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक, कृषि विभाग के अधिकारी कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में किसानों ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम को सफल बनाया। इस कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के डॉ के के देशमुख,डॉ निखिल सिंह,डॉ. आर. एस. ठाकुर,डॉ जी के राणा, डॉ. केपीएस सैनी,श्री शिव शंकर मिश्रा, श्री ओम ब्रोकर, श्री नीत लाहौरी आदि की उपस्थिति रही।

## हवाला लूट मामले में क्राइम ब्रांच डीएसपी, आरक्षक प्रमोद सोनी, पंजू गिरी गोस्वामी और पूजा पांडे के जीजा वीरेंद्र दीक्षित गिरफ्तार, जांच जारी

**सिवनी।** एक महीने पहले 8-9 अक्टूबर की दरमियानी रात हुए 3 करोड़ रुपए के हवाला लूट मामले में जबलपुर क्राइम ब्रांच ने बालाघाट के डीएसपी पंकज मिश्रा, साइबर सेल में पदस्थ आरक्षक प्रमोद सोनी और पंजू गिरी गोस्वामी और पूजा पांडे के जीजा वीरेंद्र दीक्षित को गिरफ्तार किया है। ये कार्रवाई मंगलवार को की गई है। इन चारों आरोपियों को दो दिन की पुलिस रिमांड पर लिया गया है। यह गिरफ्तारी उन तथ्यों के सामने आने के बाद हुई है, जो जांच के दौरान उजागर हुए थे।

इस मामले में पहले ही सिवनी एसडीओपी पूजा पांडे सहित 11 पुलिसकर्मी जेल में हैं। पूजा पांडे को रीवा जेल में रखा गया है, जबकि 10 अन्य पुलिसकर्मियों को नरसिंहपुर जेल भेजा गया है।

### पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश किया

लूटकांड सामने आने के बाद से लगातार जांच जारी थी। क्राइम ब्रांच ने तकनीकी आधार और गोपनीय सूचनाओं के माध्यम से पूरे घटनाक्रम की कडिय़ों कोजोड़ा और आरोपियों की संलिप्तता पाई। हिरासत में लेकर पूछताछ के दौरान कई अहम खुलासे हुए। पुलिस ने कार्रवाई पूरी कर सभी चार आरोपियों को न्यायालय में पेश किया है। मामले में आगे की जांच जारी है।

जांच अधिकारी और क्राइम ब्रांच जबलपुर के एडिशनल एसपी जीतेंद्र सिंह ने बताया कि चारों आरोपी हवाला लूट कांड के आपराधिक षड्यंत्र में शामिल थे। उन्होंने यह भी बताया कि मेटा से कोई डेटा नहीं मंगाया गया है, लेकिन मुख्य आरोपी पूजा पांडे के मोबाइल में पंकज मिश्रा का नंबर पंकज सर के नाम से सेव था। यह पूरा मामला 9 अक्टूबर की रात लखनवाड़ा थाना अंतर्गत सीलादेही हाईवे पर हुआ।

## परिजनों ने पुलिस विभाग पर लगाया आरोप

# बिसेन दंपति के हत्यारे आज भी पुलिस पकड़ से दूर!

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट के कटंगी स्थित नांदी मोहगांव में हार्डवेयर व्यवसायी हेमेंद्र बिसेन और उनकी पत्नी योगिता बिसेन की हत्या के 65 दिन बाद भी आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। इस मामले में बिसेन परिवार ने चिंता व्यक्त की है, उनका कहना है कि घर से लाखों रुपए के जेवरात और हजारों रुपए भी गायब हैं।

यह घटना दो महीने और पांच दिन पहले हुई थी। हत्याकांड के बाद पुलिस ने जांच शुरू की थी। शुरुआत में पुलिस ने हेमेंद्र से अंतिम बार बात करने वाले परिचित और परिवार के सदस्यों की भूमिका की जांच पर ध्यान केंद्रित किया।

वरिष्ठ भाजपा नेता और हेमेंद्र के बड़े भाई ईश्वरीप्रसाद बिसेन ने बताया कि परिवार लगातार यह आशंका जताता रहा कि यह वारदात लूट या चोरी के इरादे से की गई हो सकती है। हालांकि, उनका आरोप है कि पुलिस ने इस पहलू पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया और केवल परिवार के सदस्यों की भूमिका की जांच करती रही।





ईश्वरीप्रसाद बिसेन के अनुसार, घटना के बाद घर से लगभग 100 ग्राम सोने के जेवर, 50 ग्राम चांदी के सिक्के और अन्य जेवर, साथ ही करीब 50 हजार रुपये नकद गायब थे। उन्होंने सवाल उठाया कि पुलिस ने अपनी जांच में चोरी और लूट के एंगल को शामिल क्यों नहीं किया।

बिसेन परिवार इस घटना के बाद से काफी परेशान है और न्याय का इंतजार कर रहा है। ईश्वरीप्रसाद बिसेन ने बताया कि परिवार चैन की नींद नहीं सो पा रहा है। अब वे पुलिस अधिकारियों से मिलकर जांच की प्रगति जानना चाहते हैं।

ईश्वरीप्रसाद बिसेन एक बड़े भाजपा नेता हैं और संगठन के कई पदों पर रह चुके हैं। वह कृषि उपज मंडी कटंगी के अध्यक्ष और मोहगांव के सरपंच भी रहे हैं।

इस मामले में पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों का कहना है कि जांच जारी है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। हालांकि, अभी तक कोई ठोस प्रगति नजर नहीं आई है।

आपको बताते चले कि 13 सितंबर की रात हुए इस हत्याकांड का पता, 14 सितंबर को चला था। घर के बेडरूम में हार्डवेयर कारोबारी पति हेमेन्द्र और पत्नी योगिता का रक्तरंजित शव मिला था।

# शीतलहर का प्रकोप, तापमान में गिरावट

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

**बालाघाट में नवंबर के दूसरे हफ्ते से ही शीतलहर शुरू हो गई है, जिससे तापमान में भी गिरावट आई है। पेैरेंट्स सुबह स्कूल जाने वाले बच्चों के लिए समय बदलने की मांग कर रहे हैं, वहीं नगरपालिका ने अभी तक अलाव की व्यवस्था नहीं की है।**



पहाड़ों में बर्फबारी के कारण जिले में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। विगत दिनों से चल रही शीतलहर ने लोगों को कंपकंपा दिया है। सुबह घना कोहरा छा रहा है, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार, आगामी दिनों में तापमान में और गिरावट दर्ज की जा सकती है, जिससे ठंड बढ़ने की संभावना है।

ठंड के बावजूद बच्चों को सुबह-सुबह स्कूल जाना पड़ रहा है। अभिभावकों ने प्रशासन से स्कूल के समय में बदलाव करने की अपील की है। पेरेंट्स रमेश ने बताया कि उन्हें सुबह बच्चों को ठंड में स्कूल लाना पड़ रहा है और बच्चे ठंड से कांप रहे हैं। शहरी क्षेत्रों में ठंड से बचाव के लिए नगरपालिका हर साल अलाव की व्यवस्था करती है। हालांकि, इस बार उद्यान प्रभारी प्रभात ने बताया कि उन्हें अभी तक अलाव की व्यवस्था करने के कोई निर्देश नहीं मिले हैं। उन्होंने कहा कि सीएमओ के निर्देश मिलते ही व्यवस्था कर दी जाएगी। अलाव की व्यवस्था न होने के कारण रात्रि में बस स्टैंड, हनुमान चौक और रेलवे स्टेशन पर लोग कागज और कचरा जलाकर ठंड से बचाव कर रहे हैं। जिले के बैहर, बिरसा, मलाजखंड और लांजी जैसे पहाड़ी और तटवर्ती क्षेत्रों में भी कड़ाके की ठंड का असर है। बुधवार को जिले का अधिकतम तापमान 26 से 28 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 12 से 13 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है।

# 6 आयुर्वेदिक औषधियों के प्रदेश में क्रय विक्रय पर प्रतिबंध

## गिलोय सत्व, कामदुधा रस, प्रवाल पिष्टी, मुक्त शुक्ति, कफ कुठार रस एवं लक्ष्मी विलास रस का नही होगा प्रदेश में कहीं भी क्रय विक्रय

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

प्रदेश में 06 आयुर्वेदिक आषधियों गिलोय सत्व, कामदुधा रस, प्रवाल पिष्टी, मुक्त शुक्ति, कफ कुठार रस एवं लक्ष्मी विलास रस (नारदीय) के क्रय विक्रय पर तत्काल प्रतिबंध लगा दिया गया है।जिला आयुष अधिकारी डॉ. मिलिंद चौधरी ने बताया कि गिलोय सत्व, कामदुधा रस, प्रवाल पिष्टी, मुक्त शुक्ति, कफ कुठार रस एवं लक्ष्मी विलास रस का औषधीय निरीक्षक छिंदवाड़ा द्वारा आयुर्वेद औषधियों के निरीक्षण के नमूने लेकर परीक्षण के लिए शासकीय औषधीय परीक्षण प्रयोगशाला ग्वालियर भेजे गए थे। श्री चौधरी ने बताया कि परीक्षण में सभी नमूने अमानक पाए गए है। जिसके पश्चात सम्पूर्ण जिले में इन आषधियों के क्रय विक्रय पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इसके साथ ही समस्त औषधी विक्रेताओं को निर्देशित किया गया है कि उक्त बैच की आषधियों को संबंधित कंपनियों को वापस कर 03 दिवस के भीतर कार्यवाही रिपोर्ट जिला आयुष अधिकारी को प्रस्तुत करें। सभी औषधी विक्रेताओं को निर्देश दिए गए है कि यदि उक्त औषधि जिले में कहीं भी क्रय विक्रय करते पायी जाती है तो विक्रेता के विरुद्ध औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम के तहत कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी।



# ताम्र खदान बस हादसे में घायल मजदूर की मौत

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

**मलाजखंड की ताम्र खदान में 11 नवंबर को हुए बस हादसे में घायल मजदूर मंगलेश यादव की मौत हो गई है। मंगलेश को गंभीर चोटें आई थीं, जिसके बाद उसे इलाज के लिए छत्तीसगढ़ के रायपुर भेजा गया था।**

यह हादसा 11 नवंबर को दोपहर की शिफ्ट में हुआ था, जब एसएमएस कंपनी की एक बस मजदूरों को ताम्र खदान के अंडरग्राउंड क्षेत्र में ले जा रही थी। साउथ ब्लॉक में बस का ब्रेक फेल होने के कारण वह कई मीटर तक घिसटती चली गई, जिससे कई मजदूर घायल हो गए थे। मलाजखंड थाना प्रभारी नरेंद्र यादव ने मंगलेश यादव की मौत की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि शव को रायपुर से मलाजखंड लाया जा रहा है। इस खबर के बाद बुधवार को ग्रामीण रायपुर की ओर रवाना हुए। थाना प्रभारी ने यह भी बताया कि इस मामले में पहले ही एफआईआर दर्ज की जा चुकी है। मजदूर की मौत के बाद अब एफआईआर में संबंधित धाराओं को बढ़ाया जाएगा। इस घटना ने मजदूरों की सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं। हादसे के आठ दिन बाद भी देश की प्रसिद्ध ताम्र परियोजना मलाजखंड के मॉयल प्रबंधन की ओर से इस मामले में कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। यह भी स्पष्ट नहीं है कि प्रबंधन मृतक मजदूर के परिवार को क्या सहायता प्रदान करेगा।



# ट्रेक्टर-ट्राली पलटने से युवक की मौत

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** बालाघाट में ट्रेक्टर-ट्राली पलटने से एक युवक की मौत हो गई। 27 वर्षीय अतित पिता रामनाथ बिसेन को गंभीर हालत में जिला अस्पताल लाया गया था, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। अतित रामपायली थाना क्षेत्र के बोदलकसा का निवासी था और ट्रेक्टर पर मजदूरी का काम करता था।यह घटना मंगलवार देर शाम की है। बताया जाता है कि नाहरवान और बोदलकसा के बीच खेत में ट्रेक्टर-ट्राली पलट गई, जिसमें अतित दब गया। उसे गंभीर चोटें आई थीं। घायल अतित को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र वारासिवनी ले जाया गया। वहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे बालाघाट जिला अस्पताल रेफर किया गया था। अतित की मौत रात में ही हो गई। अस्पताल चौकी पुलिस ने बुधवार को डॉ. तहरीर मिलने के बाद अतित के शव का पंचनामा किया। चूंकि मौत देर रात हुई थी, इसलिए शव का पोस्टमार्टम बुधवार को कराया गया। इसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। अतित के पिता रामनाथ बिसेन ने बताया कि उन्हें मंगलवार शाम को घटना की सूचना मिली थी। वारासिवनी पुलिस से उन्हें पता चला कि घायल बेटे को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है, लेकिन जब वे वहां पहुंचे तो अतित की मौत हो चुकी थी। अस्पताल चौकी पुलिस ने बताया कि मामले की अग्रिम जांच संबंधित थाना पुलिस करेगी। अतित अपने परिवार में तीन भाइयों में सबसे बड़ा था।

## बीएलओ ईमानदारी से कर रहे एसआईआर का कार्य

# तहसीलदार ने बड़पानी का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज कटंगी।

चुनाव आयोग के निर्देशन पर इन दिनों एसआईआर यानी विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य जारी है। बालाघाट जिले के विधानसभा क्षेत्र कटंगी-खैरलांजी में 2 लाख से भी अधिक मतदाता है। जिनका बीएलओ घर-घर जाकर सर्वे कर रहे है। इस बीच एक समाचार वेबसाइड में तिरोड़ी तहसील क्षेत्र के ग्राम बड़पानी के मतदान केंद्र क्रमांक 14 के बीएलओ योगराज चैधरी की खबर प्रसारित की गई कि वह घर-घर जाने की बजाए दफ्तर में बैठकर एसआईआर का कार्य कर रहे है। इस खबर को संज्ञान में लेते हुए तहसीलदार गीता राहंगडाले ने बुधवार को दोपहर में बड़पानी के केंद्र क्रमांक 14 का निरीक्षण किया। तहसीलदार ने ग्रामीणों से चर्चा की और पंचनामा कार्रवाई पूरी की। ग्रामीणों के बयान और बीएलओ के कामकाज को देखते हुए तहसीलदार ने खबर को निराधार बताया है। तहसीलदार ने बताया कि बीएलओ ने 06 नवंबर से अपना कार्य शुरू किया है। वह प्रतिदिन सुबह 9 बजे गांव पहुंच जाते है। जिसके बाद घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क करते हुए दोपहर 12 बजे तक गणना पत्रक भरने का कार्य करते है और फिर दोपहर में डिजिटलाइजेशन का कार्य किया जाता है। तहसीलदार के मुताबिक मतदान केंद्र क्रमांक 14 में 1012 मतदाता है और अब तक 422 मतदाताओं का डिजीटलाइजेशन किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि बीएलओ सुबह ही ग्रामीणों के घर पहुंच जाते है ताकि सभी से उनकी मुलाकात हो सकें क्योंकि ग्रामीण अंचलों में लोग खेती किसान से जुड़े कार्यों के लिए चले जाते है।

# मुठभेड़ में हॉकफोर्स के इंस्पेक्टर आशीष शर्मा शहीद

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिले में बुधवार को नक्सलियों से मुठभेड़ के दौरान हॉकफोर्स के इंस्पेक्टर आशीष शर्मा शहीद हो गए। उन्हें बोर तालाब के पास हुई मुठभेड़ के दौरान गोली लगी। घायल अवस्था में उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित किया। एंटी नक्सल ऑपरेशन के डीजी पंकज श्रीवास्तव ने इस घटना की पुष्टि की।



मृतक इंस्पेक्टर आशीष शर्मा तीन राज्यों—मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़—की संयुक्त नक्सल उन्मूलन टीम का नेतृत्व कर रहे थे। डीजी श्रीवास्तव ने बताया कि यह ऑपरेशन सीमावर्ती क्षेत्र के घने जंगलों में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर चलाया गया था। ऑपरेशन के दौरान पुलिस पार्टी और नक्सलियों के बीच करीब घंटों तक गोलीबारी हुई।

आशीष शर्मा मूल रूप से मध्यप्रदेश के नरसिंहपुर जिले के गाडरवारा के निवासी थे। उनका चयन 2016 में सब इंस्पेक्टर पद पर हुआ था। इससे पहले वे इंटेलिजेंस में आरक्षक के रूप में सेवाएं दे रहे थे। नक्सलियों के खिलाफ सक्रिय योगदान और बहादुरी के लिए उन्हें मप्र सरकार द्वारा आउट ऑफ टर्न प्रमोशन मिला था। इसके अतिरिक्त, उन्होंने पिछले दो वर्षों में भारत सरकार से दो वीरता पदक भी प्राप्त किए।

परिवार और मित्रों ने बताया कि आशीष शर्मा की शादी जनवरी में तय थी। उनका अचानक निधन परिवार और सहकर्मियों के लिए गहरा शोक लेकर आया है।

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने संदेश में कहा, "आज मप्र हॉक फोर्स के इंस्पेक्टर आशीष शर्मा नक्सलियों से मुठभेड़ में वीरगति को प्राप्त हुए। मैं उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं और शोकाकुल परिवार के साथ अपनी संवेदनाएं साझा करता हूं। उन्होंने छत्तीसगढ़ के जंगलों में संयुक्त टीम के साथ अभूतपूर्व साहस और वीरता का प्रदर्शन किया।"

विशेषज्ञों के अनुसार, आशीष शर्मा जैसे अफसरों का बलिदान नक्सल उन्मूलन के राष्ट्रीय अभियान में मील का पत्थर साबित होता है। उनके साहस और कर्तव्यनिष्ठा को न केवल उनके साथियों बल्कि आम जनता ने भी सराहा है। उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा।

अगले दिनों, पुलिस विभाग शहीद इंस्पेक्टर के सम्मान में विशेष श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बना रहा है। इस घटना ने नक्सली हिंसा के खिलाफ चल रहे ऑपरेशन की गंभीरता और चुनौती को एक बार फिर उजागर किया है।

# जिले में एसआईआर के तहत गणना पत्रक डिजिटाइजेशन में 35 प्रतिशत कार्य पूर्ण

**बालाघाट।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जिले में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण (SIR 2026) का कार्य बालाघाट जिले में तेजी से जारी है। 19 नवंबर 2025 की शाम 4:05 बजे तक प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार जिले में गणना पत्रकों के डिजिटाइजेशन का 35.04 प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया गया है।

कलेक्टर मृणाल मीना के मार्गदर्शन एवं सतत मॉनिटरिंग में बालाघाट जिले के सभी 06 विधानसभा क्षेत्रों—बैहर, लांजी, परसवाड़ा, बालाघाट, वारासिवनी और कटंगी में यह कार्य प्राथमिकता के आधार पर चल रहा है। जिले के 1675 मतदान केंद्रों से प्राप्त गणना पत्रकों का डिजिटाइजेशन संबंधित बीएलओ द्वारा प्रतिदिन लक्ष्य अनुसार किया जा रहा है। गणना पत्रक के डिजिटाइजेशन का विधानसभा क्षेत्र बैहर में 48.9 प्रतिशत, लांजी में 34.93 प्रतिशत, परसवाड़ा में 31.64 प्रतिशत, बालाघाट में 30.70 प्रतिशत,वारासिवनी में 34.18 प्रतिशत एवं कटंगी में 28.82 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

जिले के कुल 13 लाख 70 हजार 312 पंजीकृत मतदाताओं में से अब तक 04 लाख 80 हजार 112 गणना पत्रकों का डिजिटाइजेशन किया जा चुका है। प्रशासन ने बीएलओ को प्रतिदिन निर्धारित लक्ष्य अनुसार कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं, ताकि आगामी चरणों की प्रक्रिया समय पर पूरी हो सके।

कलेक्टर मृणाल मीना ने कहा है कि मतदाता सूची की शुद्धता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए एसआईआर प्रक्रिया अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने बैहर विधानसभा क्षेत्र में अच्छा कार्य होने पर एसडीएम श्री अर्पित गुप्ता एवं उनकी टीम की सराहना की है। जिला प्रशासन इसे समय सीमा के भीतर पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। एस आई आर में अच्छा कार्य करने वाले बीएलओ को पुरस्कृत एवं सम्मानित किया जाएगा।

## दो दिवसीय जिला स्तरीय युवा उत्सव 2025-26

**बालाघाट।** शासकीय कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय बालाघाट में दो दिवसीय जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन प्राचार्य डॉ. निधि ठाकुर की अध्यक्षता, मुख्य अतिथि डॉ. पीआर चंदेलकर अतिरिक्त संचालक जबलपुर, विशिष्ट अतिथि डॉ. गोविंद सिरसाठे प्राध्यापक हिन्दी, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालाघाट, डॉ. अशोक कुमार मराठे प्राचार्य, प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालाघाट की उपस्थिति में किया गया। इस दो दिवसीय जिला स्तरीय युवा उत्सव में प्रथम दिवस साहित्यिक विधा के अंतर्गत भाषण, वाद-विवाद, ललित कला अंतर्गत रांगोली, चित्रकला, पोस्टर, क्ले मॉडलिंग का आयोजन किया गया एवं द्वितीय दिवस सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत एकल गान, समूह गान, एकल नृत्य, समूह नृत्य, माइम, मिमिक्री व हास्य नाटिका विधायें संपन्न कराई गई।

# महिला सशक्तिकरण थीम पर जागरूकता कार्यक्रम हुए आयोजित

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

**कलेक्टर श्री मृणाल मीना एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती दीपमाला सोलंकी के मार्गदर्शन में डिस्ट्रिक्ट हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वीमेन द्वारा निर्धारित मासिक कैलेंड थीम के अंतर्गत जिले में विभिन्न स्थानों पर महिला एवं बालिकाओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। इसी कड़ी में 19 नवम्बर को महिला एवं बाल विकास विभाग संचालित वन स्टॉप सेंटर बालाघाट एवं वन स्टॉप सेंटर–2 बैहर की टीम द्वारा एकीकृत माध्यमिक शाला खर्रा (विकासखंड परसवाड़ा), ग्राम पंचायत देवरबेली के ग्राम टीमनी, केरडेही, खामरदेही एवं सायर में कार्यशालाओं का आयोजन किया गया।**



कार्यक्रम में बालिकाओं एवं महिलाओं को अधिकारों, आत्मनिर्भरता, सशक्तिकरण, शिक्षा, एवं साइबर सुरक्षा से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। साथ ही संबंधित प्रमुख अधिनियमों पर विस्तार से चर्चा की गई घरेलू हिंसा से संरक्षण अधिनियम, 2005 अंतर्गत घरेलू हिंसा में शारीरिक, मानसिक, आर्थिक एवं भावनात्मक हिंसा शामिल है। पीड़िता हेतु रहने का अधिकार, सुरक्षा आदेश, भरण-पोषण एवं आपातकालीन सहायता का प्रावधान अधिनियम अंतर्गत दिया जाता है। शिकायत दर्ज करने के लिए प्रोटेक्शन ऑफिसर, पुलिस, या वन स्टॉप सेंटर से संपर्क किया जा सकता है। बाल विवाह निषेध अधिनियम के अंतर्गत विवाह की न्यूनतम आयुः लड़कियों के लिए 18 वर्ष, लड़कों के लिए 21 वर्ष। बाल विवाह करवाने, सहयोग करने या भाग लेने वालों पर दंड एवं जुर्माना का प्रावधान। बाल विवाह रोकने हेतु सूचना 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन एवं 181 महिला हेल्पलाइन पर दी जा सकती है कार्यक्रम में गुड टच-बैड टच, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, साइबर अपराध की रोकथाम, तथा महिला हेल्पलाइन 181 व चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 से संबंधित जानकारी भी प्रदान की गई। टीम ने बालिकाओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने एवं आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया।

## प्रज्ञा पुराण 24 कुंडीय महायज्ञ के लिए हुआ भूमिपूजन

# सरकारी अस्पताल मैदान में होगा महायज्ञ

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



समाज में सकारात्मक वातावरण बनाने, कुरीतियों को दूर करने और आध्यात्मिक जागृति लाने के मकसद से गायत्री शक्तिपीठ कटंगी के द्वारा 04 दिवसीय प्रज्ञा पुराण 24 कुंडीय राष्ट्र शौर्य समृद्धि गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जाना है। शहर के सरकारी अस्पताल मैदान में यह आयोजन होगा। जिसके चलते बुधवार की शाम 04 बजे उपजोनल प्रभारी छिंदवाड़ा दिनेश देशमुख, सहायक उपजोनल प्रभारी मानसिंह चैधरी, जिला समन्वयक प्रभारी पुष्पेश्वर पिछोड़े सहित स्थानीय गायत्री परिवार के सदस्यों ने सरकारी अस्पताल मैदान में विधि-विधान से भूमिपूजन किया। मंगलवार 2 दिसबंर से शुक्रवार 5 दिसंबर तक महायज्ञ होगा। जिसमें हजारों की संख्या में गायत्री परिवार के सदस्य और धर्मप्रेमी शिरकर कर धर्मलाभ लेगें। आयोजकों ने बताया कि पहले दिन ध्वजारोहण के बाद दोपहर 12 बजे यज्ञ स्थल से भव्य कलश शोभायात्रा निकाली जाएगी जो शहर के विभिन्न मार्गों में भ्रमण करते हुए वापस यज्ञ स्थल पर विराम लेगी जिसके बाद महाआरती का आयोजन होगा। दूसरे दिन सुबह 6 से 8 बजे तक ध्यान साधना प्रज्ञा योग और दोपहर 12 से 4 बजे तक पावन प्रज्ञा पुराण कथा होगी। तीसरे दिन भी सुबह और दोपहर में होने वाली कथा नियमित रहेगी शाम में महिला सशक्तिकरण दीप महायज्ञ का आयोजन होगा। महायज्ञ के अंतिम यानी चौथे दिन सुबह 8 से देव आव्हान पूजन 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ और गुरु दीक्षा, विभिन्न संस्कार जैसे पुंसवन, नामकरण, मुंडन, विद्याराम आदि कराएं जाएगें और पूर्णाहुति, शांति पाठ और महाप्रसादी का वितरण होगा।

अखिल विश्व गायत्री परिवार निरंतर मनुष्य में देवत्व का उदय, धरती पर स्वर्ग का अवतरण और 21वीं सदी उज्जवल भविष्य के निर्माण में गतिशील होते हुए यह आयोजन करवा रहा है। मनुष्य के चिंतन में उत्कृष्टता, सदाशयता को उभारने और विश्व में संव्याप्त पतन पीड़ा को दूर करने आध्यात्मिक पुरुषार्थ निरंतर संपन्न किये जा रहे हैं। इस संदर्भ में गुरुदेव और माताजी के सूक्ष्म संरक्षण तथा गायत्री शक्तिपीठ कटंगी के तत्वाधान व शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देशन में कटंगी की धरा पर प्रज्ञा पुराण व राष्ट्र शौर्य समृद्धि 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ होने जा रहा है।